हिन्दी दैनिक
# राष्ट्र संवाद
आपका राष्ट्र, आपका संवाद
जमशेदपुर से प्रकाशित
जमशेदपुर, शनिवार,11 अक्टूबर 2025
नगर संस्करण
वर्षः 02,अंकः139
RNI No. : JHAHIN - 01092
मूल्य : दो रुपए
rashtrasamvad.com

**सुविचार**

शिक्षा से अच्छा दोस्त दुनिया में कोई नहीं होता ।
शिक्षित व्यक्ति हर जगह सम्मान पाता है।

## जुबीन गर्ग मौत मामला, सिंगर के दो सिक्योरिटी ऑफिसर गिरफ्तार



**गुवाहाटी,एजेंसी।** असम के मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग की संदिग्ध मौत मामले में उनके दो पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर (PSO) को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। दोनों का नाम नंदेश्वर बोरा और परेश बैश्य है, जो लंबे समय से जुबीन गर्ग के सिक्योरिटी ऑफिसर थे।

पुलिस ने दोनों को उनके बैंक अकाउंट से पिछले चार-पांच सालों के दौरान 1 करोड़ से ज्यादा के लेन-देन के मामले में गिरफ्तार किया है। इनमें से 70 लाख बोरा और 40 लाख बैश्य के खाते में आए थे। दोनों अफसरों को पहले ही सस्पेंड कर दिया गया था। सिंगर की मौत मामले में अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें जुबीन के चचेरे भाई और DSP संदीपन गर्ग, मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा, सह गायिका अमृतप्रभा महंत, नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आयोजक श्यामकनु महंत, बैंड के ड्रम मास्टर शेखर ज्योति गोस्वामी शामिल हैं।

जुबीन की 19 सितंबर को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान समुद्र में डूबने से मौत हो गई थी।

## काबुल में अपने मिशन को दूतावास का दर्जा देगा भारत

**नई दिल्ली,एजेंसी।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और उनके अफगानी समकक्ष अमीर खान मुत्ताकी के बीच शुक्रवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता हुई। विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने इस वार्ता को अफगानिस्तान के साथ अपने संबंधों का पुनर्जागरण बताया और काबुल स्थित भारतीय मिशन को दूतावास का दर्जा दिए जाने की घोषणा की।

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुत्ताकी 09 से 16 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर हैं। आज उन्होंने विदेश मंत्री के साथ औपचारिक मुलाकात और वार्ता की। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, एक निकटवर्ती पड़ोसी और जनता के शुभचिंतक के रूप में भारत को अफगानिस्तान के विकास और प्रगति में गहरी रुचि है।

## सबरीमाला गोल्ड चोरी मामले में केस दर्ज

**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** केरल हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अब तक की जांच से लग रहा है कि सबरीमाला मंदिर के गेट पर रखी दो प्रतिमाओं (द्वारपालक) से सोने की हेराफेरी हुई है। कोर्ट ने मामले में क्रिमिनल केस दर्ज करने और स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) को जांच शुरू करने का निर्देश दिया। जस्टिस राजा विजयराघवन वी और जस्टिस के वी जयकुमार की बेंच ने स्ढ्ढञ्ज को छह हफ्ते के भीतर जांच रिपोर्ट दाखिल करने और हर दो हफ्ते में एक बार जांच की स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का भी निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि जांच से जुड़ी कोई भी जानकारी लीक नहीं होनी चाहिए। बेंच ने आगे कहा कि अब तक की जांच से पता चला है उन्नीकृष्णन पोट्टी (सोने की परत चढ़ाने की पेशकश करने वाले स्पांसर) को काफी मात्रा में सोना सौंपा गया था। कोर्ट ने कहा कि पोट्टी को लगभग 474.9 ग्राम सोना दिया गया था।

## पश्चिम बंगाल में 'कोल्डरिफ' कफ सिरप की बिक्री पर रोक, मप्र में बच्चों की मौत के बाद

**कोलकाता,एजेंसी।** मध्य प्रदेश में कथित रूप से 'कोल्डरिफ' कफ सिरप के सेवन से कई बच्चों की मौत के बाद पश्चिम बंगाल में इसकी बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। बंगाल केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन (बीसीडीए) ने राज्य के सभी खुदरा और थोक दवा विक्रेताओं को इस कफ सिरप की खरीद-बिक्री बंद करने का निर्देश जारी किया। बीसीडीए के सचिव पृथ्वी बसु ने शुक्रवार को बताया कि मध्य प्रदेश में हुई घटना से जुड़ा बैच पश्चिम बंगाल में नहीं आया है, लेकिन एहतियात के तौर पर सभी दवा विक्रेताओं को इसके स्टॉक और बिक्री पर रोक लगाने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में दवा विक्रेताओं के साथ 11 अक्टूबर को बैठक बुलाई गई है ताकि इस पर और सख्त दिशा-निर्देश दिए जा सकें।यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब देशभर में बिना पर्ची के मिलने वाले कफ सिरप की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। 'कोल्डरिफ' सिरप का निर्माण तमिलनाडु स्थित एक दवा कंपनी द्वारा किया जाता है, जिसके निर्माता को बच्चों की मौत के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना से पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में दहशत फैल गई थी।

रिपोर्टों के अनुसार, इस सिरप में प्रोपाइलीन ग्लाइकॉल, ग्लिसरीन और सोर्बिटोल जैसे रासायनिक तत्व पाए गए हैं। पश्चिम बंगाल राज्य औषध नियंत्रण प्राधिकरण ने निर्देश जारी किया है कि इन रासायनिक तत्वों की आपूर्ति केवल प्रमाणित विक्रेताओं से ही की जाए और इन्हें मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में जांचा जाए।



### मप्र में कफ सीरप से बच्चों की मौत की संख्या 23 तक पहुंची, गिरफ्तार फार्मा कंपनी मालिक को चेन्नई से छिंदवाड़ा लेकर पहुंची एसआईटी

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सिरप के कारण किडनी संक्रमण से अब तक 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। इस मामले में 'कोल्ड्रिफ' कफ सीरप बनाने वाली तमिलनाडु की कंपनी श्रीसन फार्मास्युटिकल के संचालक (मालिक) जी. रंगनाथन को मप्र की विशेष जांच टीम (एसआईटी) चेन्नई से ट्रांजिट रिमांड पर छिंदवाड़ा लेकर आई है। शुक्रवार को उसे यहां परासिया के कोर्ट में पेश करने की तैयारी है। स्थानीय पुलिस कोर्ट परिसर के आसपास व्यवस्थाएं जुटाई जा रही हैं। दरअसल, मध्य प्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सिरप के सेवन से बीते एक माह से लगातार बच्चों की मौत हो रही है।



**जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा केस की सुनवाई**

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से 4 हफ्ते में जवाब मांगा, 6 साल पहले धारा-370 हटाई गई थी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाली याचिकाओं पर जवाब देने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकारक को चार हफ्ते का समय दिया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश सरकार मामले में बात कर रहे हैं।


कुछ लोग झूठी बातें फैला रहे हैं और जम्मू-कश्मीर की भयावह तस्वीर पेश कर रहे हैं। मेहता ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में कई बातें हैं जिन पर विचार करने की जरूरत है।

इससे पहले 14 अगस्त को हुई सुनवाई में कोर्ट ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार से आठ हफ्तों के अंदर लिखित जवाब मांगा था।

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा था कि जम्मू-कश्मीर की जमीनी हकीकत और पहलगाम जैसी आतंकी घटनाओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता।

दरअसल, 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश बनाया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में केंद्र के फैसले को चुनौती दी गई। दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य से आर्टिकल 370 हटाने और विशेष राज्य का दर्जा समाप्त करने को सही माना था।

तब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर का राज्य दर्जा बहाल करेगी। सरकार चुनावों के बाद राज्य का दर्जा बहाल करने के वादे पर काम कर रही है।



### कोर्ट ने कहा- जमीनी हकीकत को देखा जाएगा

पिछली सुनवाई में CJI ने कहा था कि कोर्ट सरकार के जवाब के बिना आगे नहीं बढ़ेगी। फैसला लेते समय सुरक्षा हालात और जमीनी स्थिति भी देखी जाएगी, सिर्फ संविधान की बहस पर फैसला नहीं होगा। कोर्ट ने सरकार को 8 हफ्तों में जवाब देने का समय दिया है। सीनियर एडवोकेट शंकर नारायणन ने कहा कि 11 दिसंबर 2023 के फैसले में कोर्ट ने निर्देश दिया था कि जम्मू-कश्मीर में सितंबर 2024 तक चुनाव कराए जाएं और फिर राज्य का दर्जा बहाल किया जाए। लेकिन 21 महीने बीतने के बाद भी कोई प्रगति नहीं हुई है।

### याचिकाकर्ता बोले- राज्य में हालात सामान्य

ये याचिकाएं प्रोफेसर जहूर अहमद भट और सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता खुर्शीद अहमद मलिक ने दायर की थीं। उन्होंने दलील दी कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक हो गए हैं। इससे स्पष्ट है कि राज्य की सुरक्षा व लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। लेकिन राज्य का दर्जा वापस न मिलने से वहां निर्वाचित सरकार का महत्व कम रहा है और यह संघीय ढांचे के तानाबाना को भी कमजोर कर रहा है।

## पुलिस और राहुल दुबे गैंग में मुठभेड़ में दो अपराधी घायल, कुल चार गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची।** रांची पुलिस और राहुल दुबे गैंग के बीच शुक्रवार की सुबह जिले के रातु से बुढ़मू जाने वाले मुख्य मार्ग स्थित होचर कोकरे टांड़ के पास मुठभेड़ हुई। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में राहुल दुबे गैंग के दो अपराधियों साजन अंसारी और अमित गुप्ता को गोली लगी है।

वहीं, पुलिस ने मौके से आठ पिस्टल, 50 गोली, एक बोलेरो वाहन, एक यामहा वाहन, पहचान पत्र, आधार कार्ड, पांच मोबाईल फोन बरामद किया गया है। पकड़े गए अपराधियों में साजन अंसारी, अमित गुप्ता, आतिश दास और देवानंद दास शामिल हैं। साजन अंसारी के खिलाफ 12 मामले दर्ज है, अमित गुप्ता के खिलाफ चार, आतिश दास के खिलाफ 13 और देवानंद दास के खिलाफ एक मामला दर्ज है। यह जानकारी एसएसपी राकेश रंजन ने शुक्रवार की देर शाम प्रेस वार्ता कर दी। एसएसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि राहुल दुबे गैंग के कुछ अपराधी खलारी इलाके में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले हैं। इसके बाद एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।

पुलिस की टीम जैसे ही होचर कोकरे टांड़ इलाके में पहुंची अपराधियों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस के जरिये भी जवाबी कार्रवाई की गई। इस जवाबी कार्रवाई में दो अपराधियों को गोली लगी है।



## भारत के प्राचीन ग्रंथों में शक्ति के संतुलन की अवधारणा निहित : स्पीकर

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची।** बारबाडोस राजधानी ब्रिजटाउन में विगत पांच से शुरू होकर 12 अक्टूबर तक चलनेवाली 68वां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन के अंतिम सत्र शुक्रवार को कार्यशाला का समापन हुआ।

इस अवसर पर झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष (स्पीकर) रबींद्रनाथ महतो ने राष्ट्रीय संसद बनाम प्रांतीय, प्रादेशिक और विकेंद्रीकृत विधान शक्ति के पृथक्करण की रक्षा और संरक्षण विषय पर भारत का प्रतिनिधित्व



किया। उन्होंने कहा कि सत्ता को हमेशा जवाबदेही और नैतिक व्यवस्था से नियंत्रित किया जाना चाहिए। भारत के प्राचीन ग्रंथों में ही शक्ति के संतुलन की अवधारणा निहित रही है, जिसे बाद में मोंटेस्क्यू ने शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत के रूप में संहिताबद्ध किया।

महतो ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर का उद्धरण देते हुए कहा कि भारत का संघवाद केवल कानून नहीं, बल्कि संविधान की आत्मा से संचालित होता है। यह राष्ट्रीय एकता को मजबूत करते हुए राज्यों की स्वायत्तता को भी सुनिश्चित करता है।

स्पीकर ने कहा कि राष्ट्रीय संसद और प्रांतीय विधानसभाएं किसी श्रेष्ठता की प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि लोकतंत्र के पूरक स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत शक्ति के प्रयोग में नहीं, बल्कि उसके संयम में है। उन्होंने कहा कि झारखंड जैसी विविधतापूर्ण भूमि में किसान, युवा और आदिवासी समुदाय की आवाज विधानसभा तक पहुंचनी चाहिए।

## देश की सबसे अमीर महिला बनीं सावित्री जिंदल,फोर्ब्स इंडिया की सूची जारी, अंबानी-अडाणी के बाद तीसरा नंबर

**हिसार,एजेंसी।** फोर्ब्स इंडिया की रिच लिस्ट 2025 में हरियाणा की हिसार की विधायक और ओपी जिंदल समूह की प्रमुख सावित्री जिंदल भारत की सबसे अमीर महिला बन गई हैं। 39.6 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ, उन्होंने मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी के बाद भारत के सबसे धनी लोगों में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है।



गुरुवार (9 अक्टूबर) को ही यह लिस्ट जारी हुई है। अब दुनिया के सबसे अमीर लोगों में सावित्री जिंदल का 48वां स्थान है। इससे पहले अप्रैल में फोर्ब्स बिलियनेयर (मानक के अनुसार जिसकी कुल संपत्ति कम से कम 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर यानि 8,300 करोड़ रुपए या उससे अधिक हो) लिस्ट 2025 की सूची जारी हुई थी। उस समय सावित्री जिंदल की कुल संपत्ति 35.5 बिलियन डॉलर थी। यानि 6 महीने में सावित्री जिंदल की संपत्ति 4.1 बिलियन डॉलर बढ़ गई है, जबकि भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की नेटवर्थ 9% गिरकर 1 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 88 लाख करोड़ रुपए रह गई। पिछले साल उनकी नेटवर्थ 1.1 ट्रिलियन डॉलर यानी, करीब 97 लाख करोड़ रुपए थी।

## लेह में हिंसा के 16 दिन बाद भी हालात खराब

### ● टूरिस्ट नहीं आ रहे, फिर भी दावा- सब नॉर्मल; आधी रात से इंटरनेट बहाल



**गुवाहाटी,एजेंसी।** साल के करीब 7-8 महीने पर्यटकों से भरा रहने वाला लेह का मुख्य बाजार सूना पड़ा है। होटल खाली हैं। 5 से 10 हजार वाले रूम 500 से 1 हजार रुपए के मामूली किराए में भी नहीं भर रहे। टैक्सी स्टैंड पर गाड़ियां खाली खड़ी हैं। जितने टूरिस्ट अभी यहां हैं, उससे 10 गुना ज्यादा सुरक्षाकर्मी पहरा दे रहे हैं। इंटरनेट बंद है। हमने ऐसी जिंदगी पहले कभी नहीं जी। हिंसा ने हमारे सीजन की खुशियां छीन लीं। और उप राज्यपाल दावा कर रहे हैं कि लेह में सब नॉर्मल है। जो हालात हैं, उसे हमारे लिए नॉर्मल नहीं कह सकते। यह बात जब रिगजिन वाग्मो लेचिक बोल रही थीं, तब उनकी आंखों में आंसू थे। लेचिक ऑल लद्दाख होटल एंड गेस्ट हाउस एसोसिएशन लेह की अध्यक्ष भी हैं। लेचिक ने बताया कि पहलगाम की घटना ने 50% टूरिस्ट को नुकसान पहुंचाया था, लेह की हिंसा में यह बढ़कर 80% हो गया है। 2000 गेस्टहाउस, होटल्स खाली पड़े हैं। लद्दाख की कुल जीडीपी में पर्यटन का हिस्सा 50% है। अक्टूबर में हम अगले मार्च-अप्रैल की बुकिंग शुरू कर देते थे, लेकिन इस बार एक भी प्री-बुकिंग नहीं है।




## टिकट कटने पर नहीं चलेगी 'जुगाड़' पाला बदलने का भी नहीं मिलेगा समय

**अशोक कुमार ठाकुर /बिहार उप ब्यूरो राष्ट्र संवाद ।** चुनाव की घोषणा के बाद टिकट के दावेदारों की सांसें अटकी हुई है, क्योंकि इस बार दल बदलने का समय नहीं मिलेगा। गठबंधनों में सीटों का बंटवारा नहीं होने से तनाव बढ़ गया है। जिससे राजनीतिक दलों में भगदड़ की संभावना कम है। निर्दलीय प्रत्याशियों का प्रदर्शन गिरता जा रहा है, और इस बार जन सुराज में भी उम्मीदवारी कठिन है।

**टिकट न मिलने पर दल बदलने का समय नहीं**

:चुनाव की घोषणा होने के बाद वैसे दावेदारों की सांसें अटक गई है। जो अपनी पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर दल बदल लेते रहे हैं। प्रथम चरण का नामांकन 10 अक्टूबर शुक्रवार से शुरू हो गया है। अभी तक गठबंधनों में सीटों का बंटवारा ही नहीं हुआ है। टिकट की सेटिंग में पटना-दिल्ली गए दावेदारों को नेतृत्व के स्तर से यह संदेश देकर लौटाया जा रहा है कि क्षेत्र में रहें यहां दिखेंगे तो लापरवाही समझी जाएगी और टिकट कट जाएगा। ऐसे में टिकट के दावेदारों का अभी हर क्षण तनाव से भरा है। पार्टी टिकट देगी या नहीं भावी प्रत्याशी इसी उधेड़बुन में हैं। यह चिंता उन्हें खाए जा रही कि इस बार अन्य पार्टियों में जुगाड़ का समय भी नहीं के बराबर है। दरअसल इस बार विभिन्न पार्टियों के टिकट के दावेदारों की ओर से किए जाने वाले जुगाड़ पर पानी फिरता नजर आ रहा है।



# स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारी में मानगो नगर निगम की बड़ी पहल — सफाई में हाई-टेक क्रांति और सख्त निगरानी शुरू

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### इटली से आई 3.5 करोड़ की सीएनजी स्वीपिंग मशीन, खुले में कचरा फेंकने वालों पर सख्ती

**जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों को तेज करते हुए सफाई व्यवस्था में तकनीकी और प्रशासनिक, दोनों स्तरों पर बड़ा सुधार अभियान शुरू किया है।

**इटली की हाई-टेक सीएनजी स्वीपिंग मशीन से सड़कें होंगी धूल मुक्त**

राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत निगम ने इटली निर्मित ह्यडुलेवो 6000 सीएनजीह्न रोड स्वीपिंग मशीनें खरीदी हैं, जिनकी कीमत लगभग 3.5 करोड़ रुपये बताई जा रही है। शुक्रवार को इन मशीनों का डेढ़ घंटे तक ट्रायल रन भी किया गया।

उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार ने बताया कि ये मशीनें न केवल ग्रीन एनर्जी की दिशा में कदम हैं, बल्कि डीजल खर्च में भी कमी लाएंगी। विशेष तकनीक से बनी ये




मशीनें सफाई के साथ पानी का छिड़काव भी करती हैं, जिससे धूल के महीन कण अवशोषित हो जाते हैं और सड़कें धूल-मुक्त बनती हैं।

**खुले में कचरा फेंकने पर 200 दुकानदारों को नोटिस**

स्वच्छता अभियान को सख्ती से लागू करते हुए मानगो से पारडीह मार्ग पर खुले में कचरा फेंकने वाले 200 दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया है। निगम अब झारखंड नगर पालिका अधिनियम के तहत इनसे जुमार्ना वसूलने की तैयारी में है।

उप नगर आयुक्त ने बताया कि नई व्यवस्था लागू होने से सफाई व्यवस्था में काफी सुधार देखने को मिल रहा है। पहले जहां दुकानदार दुकान बंद करने के बाद सड़क पर कचरा फेंक देते थे, अब वे कचरा सीधे निगम के वाहन या डस्टबिन में डाल रहे हैं।

नगर प्रबंधक निशांत कुमार को सफाई व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि सहायक नगर आयुक्त आकिब जावेद और चंदन कुमार इसकी दैनिक मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

**दूसरा चरण जल्द शुरू होगा**

मानगो नगर निगम अब मानगो चौक से डिमना रोड तक सफाई अभियान के दूसरे चरण की तैयारी कर रहा है।

दुकानदारों और आम नागरिकों को इस अभियान से जोड़ने के लिए जागरूकता अभियान भी लगातार चलाया जा रहा है।

निगम का उद्देश्य साफ-सुथरा, धूल-मुक्त और हरित मानगो बनाना है – जहां स्वच्छता केवल व्यवस्था नहीं, बल्कि नागरिकों की आदत और जिम्मेदारी बने।

# तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का शुभारंभ

राष्ट्र संवाद सं

**दुमका:** उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान एवं असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कमलेश्वर प्रसाद ने तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने संयुक्त रूप से तंबाकू जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से गुजरते हुए आम जनता को तंबाकू के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेगा।




कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों ने कहा कि तंबाकू एक मीठा जहर है जो शरीर को धीरे-धीरे नष्ट कर देता है। सरकार द्वारा तंबाकू छुड़ाने के लिए परामर्श और औषधि की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, किंतु समाज के सभी वर्गों को मिलकर इसके खिलाफ एकजुट होना आवश्यक है। उप विकास आयुक्त ने विद्यालयों में प्रतियोगिता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि युवाओं और आम जनता को कैंसर, टी.बी. जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के प्रति प्रेरित किया जा सके।

उन्होंने बताया कि कोटपा 2003 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध है तथा नाबालिगों को तंबाकू उत्पाद बेचना या उनके द्वारा खरीदना प्रतिबंधित है। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, आरकेएस कोऑर्डिनेटर, रीजनल कोऑर्डिनेटर एवं जिला परामर्शी सहित अन्य उपस्थित थे।

# अवैध बालू भंडारण पर कार्रवाई, एक पर प्राथमिकी दर्ज

राष्ट्र संवाद सं

**दुमका:** अवैध बालू भंडारण के खिलाफ जिला प्रशासन की सख्ती जारी है। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार के निर्देश पर खान निरीक्षक गौरव सिंह ने ग्राम झांझर निवासी गोपाल साह पर रामगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। बताया गया कि 9 अक्टूबर को रामगढ़ अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी द्वारा झांझर गांव में छापेमारी की गई थी, जहां गोपाल साह के पास से 7500 सीएफटी अवैध बालू भंडारित पाया गया। मौके पर बालू को जप्त करते हुए इसकी सूचना जिला खनन विभाग को दी गई। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि बालू भंडारण के लिए कोई वैध लाइसेंस उपलब्ध नहीं था,




जिसके बाद खान निरीक्षक ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी।

जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा कि उपायुक्त के निदेर्शानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध कारोबार करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और ऐसी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# भाजपा जामताड़ा में आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी सुधार पर बैठक सम्पन्न

राष्ट्र संवाद सं

**जामताड़ा:** भारतीय जनता पार्टी जामताड़ा जिला की संगठनात्मक बैठक जिला अध्यक्ष सुमित शरण की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी सुधार पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला प्रभारी निवास मंडल की उपस्थिति में निर्णय लिया गया कि 13 अक्टूबर को जामताड़ा विधानसभा एवं 15 अक्टूबर को नाला विधानसभा में




आत्मनिर्भर भारत विषय पर विधानसभा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

इन सम्मेलनों में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी जामताड़ा में एवं पूर्व सांसद रविंद्र पांडे नाला में शामिल होंगे। विकास महतो दोनों स्थानों पर मुख्य वक्ता रहेंगे। बैठक में तय किया गया कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा तथा हाल में किए गए जीएसटी सुधारों की जानकारी जनता को दी जाएगी।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत अभियान देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का माध्यम बनेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकताओं ने भारत निर्मित वस्तुओं के उपयोग का संकल्प लिया। मंच संचालन जिला महामंत्री दिलीप हेमब्रम ने किया और धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष सुकुमार सरखेल ने दिया।

## दुमका में विधानसभा कल्याण समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

राष्ट्र संवाद सं



**दुमका:** दुमका परिसदन में झारखंड विधानसभा अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति एवं महेशपुर विधायक स्टीफन मरांडी ने की। इस दौरान समिति के सदस्य सुरेश कुमार बैठा और लुईस मरांडी भी उपस्थित रहे।

बैठक में वन, नगर निगम, आपूर्ति, बिजली वितरण निगम, परिवहन, समाज कल्याण, शिक्षा, उद्योग, खनन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कृषि, उद्यान, पशुपालन, सहकारिता, पेयजल एवं स्वच्छता, ग्रामीण विकास, भवन निर्माण, पथ निर्माण सहित कई विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

समिति ने अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की अद्यतन जानकारी ली और लाभुकों को योजनाओं से होने वाले प्रत्यक्ष लाभ की स्थिति पर चर्चा की। साथ ही योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूरा करने एवं पात्र लाभुकों तक अधिकतम लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# उपायुक्त ने किया पंचायत स्तर के शिविर का औचक निरीक्षण

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### लाभुकों से संवाद कर शिविर में उपलब्ध सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली

**चतरा:** जिले में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभुकों को जोड़ने की दिशा में चल रहे शिविरों के प्रभावी संचालन की समीक्षा को प्राथमिकता देते हुए उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी आज औचक निरीक्षण पर निकलीं। इस क्रम में उन्होंने चतरा सदर प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सचिवालय देवरिया में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। इस शिविर के माध्यम से कृषि सहित अनुषंगी विभागों की विभिन्न योजनाओं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जन्म प्रमाण पत्र निर्गमन तथा मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से संबंधित ऑनलाईन आवेदन सृजन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने लाभुकों से संवाद कर शिविर में उपलब्ध सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली और कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।



उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि शिविर में आने वाले प्रत्येक लाभुक को योजनाओं की संपूर्ण जानकारी और समयबद्ध सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाए। उन्होंने शिविर की व्यवस्था, पंजीकरण की प्रक्रिया, तकनीकी सहयोग और कर्मियों की तैनाती की भी गहन समीक्षा की।

उपायुक्त ने कहा कि शिविरों के माध्यम से सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बता दें कि वार्ड और पंचायत स्तरीय इन शिविरों का आयोजन नगर परिषद क्षेत्र में 9 से 18 अक्टूबर 2025 तक और सभी प्रखंडों में 6 से 18 अक्टूबर 2025 तक रोस्टर के अनुसार किया जा रहा है।

शिविरों की प्रभावशीलता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त प्रतिदिन संध्या 7 बजे संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ प्राप्त एवं निष्पादित आवेदनों की समीक्षा स्वयं करती हैं, ताकि किसी भी आवेदन के निष्पादन में विलंब न हो और लाभुकों को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके।

उपायुक्त ने आमजन से अधिकाधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की तथा अधिकारियों को शिविर की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

## कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद अलर्ट पर झारखंड स्वास्थ्य विभाग — स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान ने रांची में दवा दुकानों का किया औचक निरीक्षण



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची:** देश में कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत की घटनाओं के बाद झारखंड सरकार सतर्क हो गई है। इसी क्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी शुक्रवार को राजधानी रांची के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स पर औचक निरीक्षण करने पहुंचे।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कई कफ सिरप के सैंपल जब्त कर उन्हें लैब जांच के लिए भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में पहले ही तीन कफ सिरप पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है, और अब किसी भी स्थिति में झारखंड की जनता के स्वास्थ्य से समझौता नहीं किया जाएगा।

डॉ. अंसारी ने चेतावनी दी कि ह्ययदि किसी मेडिकल स्टोर में दवाओं की गुणवत्ता या नियमों में गड़बड़ी पाई जाती है, तो स्टोर को सील कर लाइसेंस रद्द किया जाएगा, साथ ही संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।ह्व

स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे, ताकि झारखंड में नकली या निम्न गुणवत्ता की दवाओं की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

## चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर मॉक ड्रिल: आपातकालीन तैयारी का सफल अभ्यास



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चाईबासा।** चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को अचानक शायरन की तेज आवाज से अफरा-तफरी मच गई, यात्रियों में हड़कंप फैल गया और धुएं का गुबार फैल गया। कुछ ही देर बाद यह स्पष्ट हुआ कि यह कोई असली हादसा नहीं, बल्कि रेलवे द्वारा आयोजित मॉक ड्रिल थी।

इस अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में रेलवे की तत्परता और तैयारियों का परीक्षण करना था। ड्रिल के दौरान एक काल्पनिक ट्रेन दुर्घटना का सीन तैयार किया गया, जिसमें यात्रियों को खिड़की काटकर बाहर निकाला गया और उनका इलाज अस्थायी मेडिकल कैंप में किया गया।

इस अभ्यास में रेलवे की सिविल डिफेंस टीम, एनडीआरएफ 9वीं बटालियन, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के साथ रेलवे के रनिंग, इंजीनियरिंग, ऑपरेटिंग, मेडिकल और कमर्शियल विभागों के कर्मचारी शामिल हुए। मौके पर डीआरएम तरुण हुरिया, एडीआरएम विनय हेंब्रम सहित वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे और पूरी प्रक्रिया की बारीकी से निगरानी की।

रेलवे प्रशासन ने बताया कि ऐसे अभ्यास यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तत्परता बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं। मॉक ड्रिल का उद्देश्य यह संदेश देना था कि रेलवे हर आपदा की स्थिति में पूरी तरह सतर्क और सक्षम है।

## टाटा स्टील ने ट्रक चालकों के लिए तीन दिवसीय स्वास्थ्य एवं सुरक्षा शिविर का आयोजन किया




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**सुकिंदा (जाजपुर)** टाटा स्टील के फेरो अलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन ने सुकिंदा स्थित सरूआबिल क्रोमाइट माइन के पार्किंग यार्ड में 8 से 10 अक्टूबर तक ट्रक चालकों के लिए तीन दिवसीय स्वास्थ्य एवं सुरक्षा शिविर आयोजित किया। शिविर में प्रोग्रेसिवा सस्टिना फाउंडेशन इंडिया और कंपनी के लॉजिस्टिक पार्टनर्स ने सहयोग दिया।

इस दौरान 300 से अधिक ट्रक चालकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में चालकों को सामान्य स्वास्थ्य जांच, नेत्र परीक्षण, चश्मे की सुविधा, सड़क सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

शिविर के अंतर्गत एक संयुक्त सुरक्षा शपथ समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें चालकों और कंपनी के प्रतिनिधियों ने सड़क सुरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा और जिम्मेदार ड्राइविंग का संकल्प लिया।

इस पहल का उद्देश्य चालकों के स्वास्थ्य, दीर्घकालिक कल्याण और सड़क सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना है और टाटा स्टील अपनी विस्तारित कार्यबल के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत कर रहा है।

## सार-संक्षेप


### कान्हाचट्टी लक्ष्मी पूजा बाजार समिति के अध्यक्ष राकेश केसरी सचिन रॉबिन केसरी बने



राष्ट्र संवाद संवाददाता

कान्हाचट्टी लक्ष्मी पूजा बाजार में हर साल की तरह इस वर्ष भी पूजा का आयोजन किया जा रहा है। पूजा की तैयारियों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता माइकल गोस्वामी ने की। बैठक में बाजार की व्यवस्था और पूजा के सुचारु संचालन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से पूजा समिति के लिए पदाधिकारी भी तय किए गए। समिति का अध्यक्ष पद राकेश केसरी को दिया गया है। वहीं, कोषाध्यक्ष मंटू केसरी, उपाध्यक्ष दीपक केसरी, सचिव रॉबिन केसरी और सह सचिव उज्जवल गुप्ता के रूप में नियुक्त किए गए हैं। समिति ने पूजा के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी करने का निर्णय लिया है।


### आंगनबाड़ी केंद्र भवन के मरम्मत कार्य में अनियमितता का आरोप




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चतरा:** जिले के टंडवा प्रखंड क्षेत्र के पोकला उर्फ कसियाडीह पंचायत स्थित पोकला गांव के आंगनबाड़ी केंद्र भवन के मरम्मत कार्य में अनियमितता का आरोप लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मरम्मत कार्य के बाद ही प्लास्टर गिरने लगा है और छत से पानी टपक रहा है। बाहर से रंग-रोगन करके भवन नया करके बिल निकाल लिया गया है। स्थानीय लोगो ने बताया कि भवन का गेट ग्रिल में जैसे तैसे पेंट और प्लास्टर का काम करवाया गया था। कार्य पूरा होने के बाद ही प्लास्टर ढहने लगा है। भवन का रंग-रोगन भी ठीक से नहीं टिक पाया है। स्थानीय लोगों ने इस संबंध में मुखिया से शिकायत करके कार्रवाई की मांग किया है। वही मामले में मुखिया सरिता देवी ने कही की भवन मरम्मत कार्य में अनियमितता की गई है। जिसकी लिखित शिकायत चतरा उपायुक्त से की गई है और जांच करके कार्रवाई की मांग की गई है।

### दुमका के दो नवाचारों को राष्ट्रीय पहचान, उपायुक्त अभिजीत सिन्हा को मिला यूज केस चैलेंज अवार्ड



राष्ट्र संवाद सं

**दुमका :** जिला प्रशासन की दो अभिनव पहल – ह्लदीदी की दुकानह्व और 24x7 ऑनलाइन शिक्षा समर्थन – को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा आयोजित ह्लयूज केस चैलेंजह्व में इन दोनों योजनाओं को उत्कृष्ट नवाचार के रूप में चुना गया।

मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (LBSNAA) में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा को नीति आयोग की ओर से ह्लयूज केस चैलेंज अवार्डह्व से सम्मानित किया गया।

दीदी की दुकान पहल ने ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण से जोड़ा है, जिससे वे आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर हुई हैं। वहीं, 24x7 ऑनलाइन शिक्षा समर्थनह्व कार्यक्रम ने जिले के विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से निरंतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई है।

यह उपलब्धि न केवल दुमका बल्कि संपूर्ण झारखंड के लिए गर्व का विषय है। इन पहलों ने यह सिद्ध किया है कि नवाचार और प्रशासनिक प्रतिबद्धता से जनहित में नई मिसालें कायम की जा सकती हैं।

### पुलिस ने फरार चल रहे अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चतरा:** न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने फरार चल रहे अभियुक्त के घर शुक्रवार को इश्तेहार चिपकाया हैं। चतरा जिला वशिष्ठ थाना पुलिस सब इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार के नेतृत्व में प्राथमिक अभियुक्त चतरा जिला के प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नौकाडीह निवासी खेमन गंझू या का पुत्र डब्लू गंझू के घर पहुंचकर न्यायालय के आदेश पर उनके घर में जाकर दीवार पर इश्तेहार चिपकाया। इस दौरान ग्रामीणों के समक्ष दौरान ढोल बजवाकर गांव के लोगों को सूचित किया गया और फरार अभियुक्त को शीघ्र न्यायालय में समर्पण करने की चेतावनी दी गई। पुलिस सब इंस्पेक्टर ने उनके परिजनों को बताया कि उक्त अभियुक्त को न्यायालय में एक माह के अंदर सरेंडर करना है।

आवश्यकता है

राष्ट्र संवाद मासिक, वेब पोर्टल, साप्ताहिक और दैनिक अखबार के लिए झारखंड-बिहार में हर जिले के लिए पत्रकार की जरूरत है। इसके अलावा पत्रकारिता का शौक रखने वाले चाहे वह अन्य किसी भी राज्य से हो, संपर्क या ईमेल कर सकते हैं।

राष्ट्र संवाद समूह आपका राष्ट्र आपका संवाद

VACANT

:: संपर्क ::
9431977839
9102339999

ईमेल : rashtrasamvadgroud@gmail.com

# केबुल टाउन इलाके में अलग बिजली कनेक्शन देने का रास्ता साफ

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**केबुल टाउनवासी बिजली कनेक्शन लेने की प्रक्रिया पूरा करें-सरयू राय**

**झारखंड उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को दिया बड़ा फैसला**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के केबुल टाउन इलाके में सभी उपभोक्ताओं के घरों में अलग-अलग बिजली कनेक्शन देने का रास्ता साफ हो गया है। झारखंड उच्च न्यायलय ने एक रिट याचिका को निष्पादित करते हुए शुक्रवार को इस आशय का आदेश दे दिया। इस आशय की जानकारी जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने दी।

सरयू राय ने बताया कि वैसे तो उच्च न्यायालय ने एक वर्ष पहले दिए गये अंतरिम आदेश में भी कहा था कि केबुल टाउन इलाके के लोग अपने घरों में अलग बिजली कनेक्शन लेने के लिए टाटा स्टील यूआईएसएल के यहाँ आवेदन करें। टीएसयूआईएल भी कनेक्शन देने के लिये तैयार था परंतु केबुलवासी इसके लिए आगे नहीं आए। अब उच्च न्यायालय का अंतिम आदेश आ गया तो



केबुल टाउन के बाशिंदों को चाहिए कि वे शीघ्रातिशीघ्र बिजली कनेक्शन लेने की कानूनी प्रक्रिया पूरा करें।

सरयू राय ने कहा कि उन्हें हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि जिस मांग को उन्होंने जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र का विधायक रहते हुए उठाया था, आज वह पूर्ण हुआ। इसके लिए टाटा स्टील के अधिकारियों को बधाई देता हूं। उन्होंने इस मामले में पूरा सहयोग किया और कोई अड़चन नहीं डाला। उल्लेखनीय है कि जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र का विधायक रहते हुए श्री राय ने केबुल टाउन के सभी घरों के लिए अलग पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराया था। इसमें भी टाटा स्टील ने सहयोग किया था।

सरयू राय ने बताया कि अभीतक केबुल टाउन में 9 वेंडरों के माध्यम से बिजली की आपूर्ति होती थी। इसके चलते केबुल उपभोक्ताओं को महंगी दर पर बिजली मिलती थी। अब केबुल टाउन के निवासी बिजली कनेक्शन के लिए टीएसयूआईएल के पास बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन दें तथा टीएसयूआईएल अपने वेंडरों के साथ जितनी जल्दी हो सके हिसाब किताब कर ले। श्री राय के सहयोगी इस काम में केबुलवासियो को हर संभव सहयोग देंगे। जरूरत पड़ी तो कैम्प लगाकर बिजली कनेक्शन का फॉर्म भी भरवाएँगे।

सरयू राय ने कहा कि केबुल टाउन इलाके में पेयजल की व्यवस्था और सड़कों की व्यवस्था कराने के बाद अब हर घर में अलग बिजली कनेक्शन देने का मार्ग भी प्रशस्त हो गया, इसकी उन्हें अतिशय प्रसन्नता है। जिन लोगों ने घरों में अलग पेयजल, उन्नत सड़कों के जाल का निर्माण और अब घरों में अलग बिजली कनेक्शन के लिए आरम्भ किए गए उनके आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, उन्हें बधाई देता हूं, आभार प्रकट करता हूँ। टाटा स्टील यूआईएसएल ने दिवालिया केबुल कंपनी के प्रोफेशनल रीज्येलुशन अधिकारी के पास और उच्च न्यायालय में चल रही रिट याचिका के दौरान जनहित में जैसा सहयोगात्मक रवैया अपनाया, उसके लिए वह उन्हें भी धन्यवाद देते हैं।

## रामदास भट्ठा से ठेकेदार के बेटे का अपहरण – मुर्शिदाबाद से सकुशल बरामद, अपहरणकर्ता फरार

**जमशेदपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता**

सीसीआर डीएसपी मनोज ठाकुर से राष्ट्र संवाद के वरीय संवाददाता ने दूरभाष पर जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि, ह्लबच्चे की सकुशल बरामदगी मुर्शिदाबाद से हो गई है। अपराधी फिलहाल फरार हैं, लेकिन उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम लगातार छापेमारी कर रही है। यह जमशेदपुर पुलिस की एक बड़ी सफलता है।ह्व

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर थाना अंतर्गत रामदास भट्ठा से शुक्रवार देर शाम अपहृत ठेकेदार फिरदौस गद्दी के 6 वर्षीय पुत्र आरिश गद्दी को पुलिस ने मुर्शिदाबाद से सकुशल बरामद कर लिया है।



बताया गया कि मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) से आए तीन मजदूरों ने आइसक्रीम खिलाने के बहाने आरिश का अपहरण किया था। घटना के बाद से तीनों मजदूर फरार हो गए थे।

घटना की सूचना मिलते ही बिष्टुपुर पुलिस ने चांडिल, घाटशिला, बहरागोड़ा और आदित्यपुर मार्गों पर अलर्ट जारी करते हुए सघन सर्च अभियान शुरू किया था। देर रात तक NH-33 और जिले की सीमाओं पर जांच की जाती रही।

इस बीच, सीसीटीवी फुटेज में तीनों मजदूरों को बच्चे के साथ जाते हुए देखा गया, जिसके आधार पर पुलिस ने उनकी पहचान आसिफ और इमरान (दोनों मुर्शिदाबाद निवासी) के रूप में की।

पुलिस के अनुसार, बरामद बच्चे को शीघ्र ही परिजनों को सौंपा जाएगा। वहीं, फरार अपहरणकताओं की गिरफ्तारी के लिए मुर्शिदाबाद और झारखंड पुलिस संयुक्त रूप से अभियान चला रही है।

## जमशेदपुर में बाइक चोरी गिरोह का भंडाफोड़, तीन शातिर चोर गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** : सिदगोड़ा थाना पुलिस ने एंटी-क्राइम चेकिंग के दौरान एक बाइक चोरी गिरोह का पदार्फाश किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम ने मर्सी हॉस्पीटल गोलचक्कर के पास चेकिंग लगाई थी। इसी दौरान एक बाइक (रजिस्ट्रेशन नंबर JH 05DT-1287) पर सवार दो संदिग्ध युवकों को रोका गया।

पुलिस द्वारा कागजात मांगने पर दोनों युवक कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके और सवालों के जवाब में टालमटोल करने लगे। शक के आधार पर दोनों को थाने लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उनकी



पहचानराहुल मुखी और अजय मुखी, दोनों बिरसानगर थाना क्षेत्र के निवासी, के रूप में हुई। वाहन के सत्यापन में पता चला कि बाइक सिदगोड़ा थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी।

गहन पूछताछ में दोनों ने बाइक चोरी की बात स्वीकार की और अपने एक साथी विकास शर्मा उर्फ बबुआ बच्चा का नाम बताया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए विकास को सीतारामडेरा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

तीनों आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की दो और मोटरसाइकिलें तथा एक स्कूटी बरामद की हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि तीनों आरोपी पुराने अपराधी हैं और सिदगोड़ा, बिरसानगर, टेल्को व सीतारामडेरा थाना क्षेत्रों में चोरी, लूट और मारपीट के कई मामलों में शामिल रहे हैं।

पुलिस अब इनके अन्य साथियों की तलाश में जुट गई है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि गिरोह शहर के किन-किन इलाकों में सक्रिय था।

## सपनों का घर अब आपके करीब - 11 और 12 अक्टूबर को ड्रीम होम एग्जीबिशन होटल विवांता में

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुरः** शहरवासियों के लिए खुशखबरी है। यदि आप अपने सपनों का घर खरीदने की सोच रहे हैं, तो अब यह मौका आपके हाथ में है। विजया होम्स ग्रुप की ओर से एक विशेष प्रदर्शनी – ह्लड्रीम होम झ्र एन एग्जीबिशन ऑफ फ्लैट्स एंड डुप्लेक्सेजह्व – का आयोजन आगामी 11 और 12 अक्टूबर 2025 (शनिवार और रविवार) को होटल विवांता, मेन रोड, गोलमुरी, जमशेदपुर में किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी दोनों दिन सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक आम नागरिकों के लिए खुली रहेगी।

प्रदर्शनी का उद्घाटन 11 अक्टूबर को सुबह 11 बजे टिनप्लेट डिवीजन, टाटा स्टील के एक्जीक्यूटिव इंचार्ज श्री उज्जल चक्रवर्ती के करकमलों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित अतिथि, बैंक प्रतिनिधि और



हाउसिंग फाइनेंस संस्थानों के अधिकारी शामिल होंगे।

विजया होम्स ग्रुप ने बताया कि प्रदर्शनी के दौरान ग्राहकों के लिए स्पॉट बुकिंग पर ?2,65,385/- तक की विशेष छूट दी जाएगी। यह छूट चयनित परियोजनाओं पर लागू होगी। इस अवसर पर समूह के विभिन्न प्रोजेक्ट्स के फ्लैट्स और डुप्लेक्स यूनिट्स की जानकारी दी जाएगी, जिससे खरीदार अपनी पसंद का घर चुन सकें।

प्रदर्शनी में कई प्रमुख बैंक और वित्तीय संस्थान भी मौजूद रहेंगे, जो गृह ऋण से संबंधित मार्गदर्शन और ऑन-द-स्पॉट लोन परामर्श प्रदान करेंगे। इससे ग्राहकों को घर खरीदने की पूरी प्रक्रिया को आसान और तेज बनाने में मदद मिलेगी।

विजया होम्स ग्रुप के निदेशकों ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य जमशेदपुर और आसपास के लोगों को एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार के आधुनिक आवासीय विकल्प उपलब्ध कराना है। प्रदर्शनी में लग्जरी अपार्टमेंट्स, डुप्लेक्स हाउस और ग्रीन एरिया से युक्त रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी केवल प्रॉपर्टी दिखाने का मंच नहीं है, बल्कि यह ग्राहकों के लिए घर खरीदने की प्रक्रिया को पारदर्शी और भरोसेमंद बनाने का भी प्रयास है।

ग्रुप ने बताया कि पिछले कई वर्षों से विजया होम्स ग्रुप ने शहर में दर्जनों सफल आवासीय प्रोजेक्ट पूरे किए हैं, जिन्हें लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला है। अब यह प्रदर्शनी उन सभी परियोजनाओं की जानकारी और बुकिंग सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने का अवसर होगी। कंपनी का उद्देश्य शहर के नागरिकों को उनके बजट और जरूरत के अनुसार सुरक्षित, सुविधाजनक और आधुनिक आवासीय विकल्प देना है।

आयोजकों का कहना है कि यह प्रदर्शनी केवल घर खरीदने वालों के लिए नहीं, बल्कि उन सभी परिवारों के लिए खास है जो अपने सपनों का घर बनाना चाहते हैं। प्रदर्शनी में मॉडल हाउस की झलक, लोकेशन मैप, फ्लोर प्लान और विभिन्न स्कीमों की जानकारी दी जाएगी।

## बागबेड़ा कॉलोनी में जल्द शुरू होगी जलापूर्ति योजना, एक महीने में मिलेगा शुद्ध पानी, विभाग ने दिया आश्वासन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** : बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी के हजारों निवासियों के लिए खुशखबरी है। लंबे इंतजार के बाद अब जल्द ही कॉलोनीवासियों को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिलने जा रही है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एसडीओ महेंद्र बैठा और जेई आशुतोष ने जानकारी दी कि एक महीने के अंदर बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी जलापूर्ति योजना शुरू कर दी जाएगी, जिसके बाद लोगों को नियमित रूप से स्वच्छ पानी की आपूर्ति की जाएगी।

**पंचायत प्रतिनिधियों ने सौंपा छह सूत्री मांग पत्र**

इस संबंध में बागबेड़ा कॉलोनी पंचायत प्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने विभाग को छह सूत्री मांग पत्र सौंपा, जिसे कार्यपालक अभियंता सुमित कुमार के निर्देश पर एसडीओ महेंद्र बैठा और जेई आशुतोष को सौंपा गया। तत्पश्चात सकारात्मक वार्ता भी



हुई।

**विभाग ने दिया सकारात्मक आश्वासन**

सभी बिंदुओं पर चर्चा के बाद एसडीओ महेंद्र बैठा और जेई आशुतोष ने संयुक्त रूप से आश्वासन दिया कि एक महीने के भीतर जलापूर्ति योजना चालू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि आय-व्यय का ब्योरा जारी करने के लिए एक सप्ताह के भीतर पत्र निर्गत किया जाएगा, वहीं कुंवर सिंह मैदान रोड नंबर 3 में जल्द ही जलापूर्ति बहाल की जाएगी।

**बैठक में शामिल रहे स्थानीय प्रतिनिधि**

इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, उप मुखिया संतोष ठाकुर, बागबेड़ा मध्य पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि के.डी. मुंडा सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रंभा शैक्षणिक संस्थान समूह के विद्यार्थियों ने किया चेशायर होम (सुंदर नगर) का भ्रमण , वहां रह रहे लोगों के साथ बिताया क्वालिटी टाइम




राष्ट्र संवाद संवाददाता

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रंभा शैक्षणिक संस्थान समूह के विद्यार्थियों ने चेशायर होम (सुंदर नगर) का भ्रमण किया।

विद्यार्थियों ने वहां रह रहे लोगों के लिए मनोरंजक एक्टिविटीज किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और मानसिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के प्रति विद्यार्थियों के भीतर सहानुभूति और करुणा के भाव को जागृत करना था। संस्थान की ओर से उन्हें उनकी जरूरत की वस्तुएं, अनाज,फल, सैनिटरी पैड, किराना सामग्री, वस्त्र और मच्छरदानी भेंट किए गए.इस अवसर पर संस्थान के सह-सचिव श्री विवेक बचन,नर्सिंग विभाग के प्राचार्य श्री नवनीत अनिल, नर्सिंग की व्याख्याता , बीएड विभाग, फामेर्सी ,डीएलएड और स्नातक विभाग के सभी व्याख्याता और विद्यार्थी उपस्थित थे।

इस अच्छी पहल पर संस्थान के सचिव गौरव बचन जी ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के विषय में अभी भी हमारे देश में जागरूकता की कमी है जबकि हर विद्यार्थी के व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास तभी संभव है जब उसके मन की सेहत संतुलित हो और अच्छी हो।अध्यक्ष राम बचन जी ने कहा कि चेशायर होम का भ्रमण हमारे संस्थान की ओर से प्रायः किया जाता है ताकि विद्यार्थी के अंदर मानवीय संवेदना और सहानुभूति के भाव जगें और वह समाज के उन विशिष्ट लोगों के प्रति भी अपने दायित्व को समझें।

## जदयू और भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न घाटों का किया दौरा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**घाटों की साफ-सफाई और चेंजिंग रुम की जरूरत महसूस की गई**

**जमशेदपुर।** लोक आस्था के महापर्व छठ के मद्देनजर जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय के निर्देश पर शुक्रवार को जनता दल (यूनाइटेड), भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारीगण एवं सरयू राय के जन सुविधा प्रतिनिधियों ने संयुक्त रुप से बिष्टुपुर, कदमा, सोनारी और साकची के छठ घाटों की वस्तुस्थिति का मुआयना किया।

प्रतिनिधिमंडल ने बिष्टुपुर में बेली बोधनवाला घाट, शास्त्री नगर का तीन नंबर ब्लॉक घाट, शास्त्री नगर निर्मल कालोनी घाट, शास्त्री नगर चार और पांच नंबर घाट, रामजनम नगर का सती घाट, ग्रीन पार्क घाट, रामनगर, मानगो का



गांधी घाट एवं दोमुहानी घाट का निरीक्षण किया।

यह तय किया गया कि घाटों की साफ-सफाई की जाएगी, जंगल-झाड़ की कटाई भी होगी। जरूरत के अनुसार टेम्परोरी मरम्मत के कार्य भी किये जाएंगे और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाएगा। यह भी तय हुआ कि खतरे के निशान को दशार्ने के लिए बांस लगाया जाएगा और घाटों पर लाइट की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। फिसलन वाली जगह को सुलभ बनाने और पूजा के दरमियान छठव्रतियों के लिए चेंजिंग रुम बनाना भी तय किया गया। इस संबंध में जदयू-भाजपा का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही जेएनएसी के उप नगर आयुक्त और जुस्को के वरीय पदाधिकारी से मिलेंगे और ज्ञापन देंगे।

घाट निरीक्षण में सुबोध श्रीवास्तव, कुलविंदर सिंह पन्नू, नीरज सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, अशोक सिंह, भीम सिंह, संजय सिंह, तारक मुखर्जी, मनोज सिंह, प्रशांत पोद्दार, चुन्नू भूमिज, विकास साहनी, शेषनाथ पाठक, डिपल विश्वास, दिनेश सिंह, माधव सिंह, मुकेश ठाकुर, त्रिलोचन, रवि सिंह, राकेश कुमार, सुनील सिंह, रमेश राय, आनंद राव, रंजीत आइच आदि मौजूद रहे।

## मोर्चा ने आक्रोश रैली में शामिल होने की अपील की

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** कौमी सिख मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने शहर एवं जिला के प्रगतिशील विचारधारा वाले लोगों से शनिवार को प्रस्तावित आक्रोश रैली में शामिल होने की अपील की है।

कुलविंदर सिंह के अनुसार देश के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति बीआर गवई पर अधिवक्ता राकेश किशोर ने जूता नहीं चलाया है वरन देश के संविधान और सामाजिक न्याय एवं सांप्रदायिक सद्भाव पर जूता चलाया है। इसके साथ ही उक्त हमलावर अधिवक्ता के समर्थक सोशल मीडिया में खुलेआम कह रहे हैं कि चीफ जस्टिस इस देश के दलित नहीं वरन बौद्ध हैं। ऐसा कह कर वह इस देश के अल्पसंख्यक वर्ग को सीधे तौर पर धमका रहे हैं कि जब मुख्य न्यायाधीश को भी कुछ नहीं समझते हैं तो आम अल्पसंख्यक नागरिक उनके ठेंगे पर हैं। उन्हें इस देश की लोकतांत्रिक संस्थानों पर ना कोई भरोसा है ना ही किसी का भय है।

## सार-संक्षेप

### पूर्वी सिंहभूम कांग्रेस में जिलाध्यक्ष नियुक्ति विवाद पर असंतुष्ट नेताओं से मिले प्रदेश प्रभारी के राजू

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम** : प्रदेश कांग्रेस द्वारा जारी नए जिलाध्यक्षों की सूची को लेकर उठे विवाद ने पूर्वी सिंहभूम में तूल पकड़ लिया है। जिला उपाध्यक्ष बबलू झा, जिला महासचिव अमित दुबे और जिला सचिव अजितेश उज्जैन के नेतृत्व में कार्यकताओं ने हाल ही में गांधी घाट पर सत्याग्रह करते हुए नए जिलाध्यक्ष की नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे।

इसी मुद्दे को लेकर असंतुष्ट नेताओं का दल, बबलू झा के नेतृत्व में, झारखंड प्रदेश प्रभारी के राजू से मिला। बैठक के दौरान प्रभारी ने सभी की शिकायतें और आपत्तियाँ गंभीरता से सुनीं तथा आश्वासन दिया कि मामला आलाकमान के समक्ष रखा जाएगा और जल्द समाधान निकाला जाएगा।

मीडिया से बातचीत में बबलू झा ने इस मुलाकात को ह्लसार्थकह्व बताते हुए कहा कि प्रदेश प्रभारी ने संगठन के हित में उचित निर्णय का भरोसा दिया है।

### घाटशिला विधानसभा उपचुनाव-2025:निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को चरणबद्ध प्रशिक्षण, पारदर्शी मतदान की तैयारी तेज



राष्ट्र संवाद संवाददाता

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव-2025 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी के निदेर्शानुसार माइकल जॉन सभागार, बिष्टुपुर में निर्वाचन कार्य से जुड़े विभिन्न स्तरों के पदाधिकारियों को चरणबद्ध प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में आरओ, एआरओ, डीएलएमटी, एएलएमटी सहित सभी कोषांगों के पदाधिकारियों को नामांकन, स्क्रूटनी, नाम वापसी, सिंबल आवंटन, मतदान, मतगणना एवं परिणाम घोषणा से जुड़ी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई।

कार्मिक एवं निर्वाचन कोषांग के अधिकारियों को पोलिंग पार्टियों के गठन, मतदान केंद्र प्रबंधन, सामग्री वितरण और सुरक्षा व्यवस्था पर दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं ईवीएम और पोस्टल बैलेट कोषांग के सदस्यों को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

वल्नरेबिलिटी मैपिंग को लेकर सेक्टर पदाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान और रोकथामात्मक उपायों पर प्रशिक्षण दिया गया।

दो सत्रों में आयोजित इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन, मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट और तकनीकी प्रक्रियाओं पर विस्तृत जानकारी दी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि हर अधिकारी आयोग के निदेर्शों का अक्षरशः पालन करें, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### बहरागोड़ा विधायक समीर महंती की तबीयत अचानक बिगड़ी, टीएमएच अस्पताल में भर्ती

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जमशेदपुर** : बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक समीर महंती की तबीयत अचानक बिगड़ जाने के बाद उन्हें आनन-फानन में जमशेदपुर के टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विधायक को सीने और पेट में तेज दर्द की शिकायत थी, जिसके बाद परिजन और सहयोगी उन्हें तत्काल अस्पताल ले गए।

टीएमएच में डॉक्टरों की दो सदस्यीय विशेषज्ञ टीम विधायक समीर महंती की स्वास्थ्य जांच कर रही है। इस बीच, उनकी तबीयत की जानकारी मिलते ही झामुमो के कई नेता और कार्यकर्ता अस्पताल पहुंचे और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद बताया कि फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर है, और आगे की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

### रंगदारी नहीं देने पर बिल्डर के घर के सामने फायरिंग!

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जमशेदपुर** : सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के भुइयांडीह में शुक्रवार तड़के बिल्डर हरेराम सिंह के चंदा आवास के सामने अज्ञात हमलावरों ने हवाई फायरिंग की, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना सुबह करीब पांच बजे की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, बाइक पर सवार दो हमलावरों ने घर के सामने दो राउंड फायर कर मौके से फरार हो गए।

सूत्रों के अनुसार, इस वारदात के पीछे प्रिस सिंह नामक युवक का नाम सामने आ रहा है, जिसने करीब सात दिन पहले बिल्डर से रंगदारी मांगी थी। रंगदारी न देने पर यह गोलीबारी की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की तलाश जारी है।

सूत्रों पता चला है कि घटना से एक दिन पूर्व ही बिल्डर हरेराम सिंह डीजीपी अनुराग गुप्ता से मुलाकात कर शहर में व्याप्त रंगदारी और सुरक्षा को लेकर चर्चा की थी और खुद को भी अपराधियों के निशाने पर बताया था

फायरिंग की आवाज सुनते ही मोहल्ले के लोग घरों से बाहर निकल आए। पुलिस ने बताया कि यह मामला रंगदारी से जुड़ा प्रतीत हो रहा है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। इस बीच, बिल्डर के परिवार ने कुछ भी बताने से इनकार किया है

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर डालसा चलाया जागरूकता अभियान

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** । विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर की ओर से कदमा क्षेत्र में मोबाइल वैन के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया । कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करना और लोगों को मानसिक रोगों के प्रति जागरूक करना था। जागरूकता कार्यक्रम में डालसा टीम में शामिल पीएलवी नागेन्द्र कुमार,दिलीप जायसवाल सुनील पांडेय, सदानंद महतो एवं जोबा रानी बास्के ने लोगों के बीच मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया और बताया कि मानसिक रोगों को छिपाने के बजाय उपचार की दिशा में कदम उठाना अत्यंत जरूरी है। इस दौरान कदमा गणेश पूजा मैदान स्थित मूक बधिर संस्थान के लोग से भी मिले, जहां पता चला कि संस्थान से जुड़े सैकड़ों लोग सरकारी योजनाओं से वंचित हैं, जिसके वे हकदार हैं ।

## संपादक की कलम से

# कीर स्टार्मर की यात्रा से भारत-ब्रिटेन संबंधों को मिली नई उड़ान

देवानंद सिंह




ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की हालिया भारत यात्रा ने दोनों देशों के बीच संबंधों को एक नई दिशा और ऊंचाई प्रदान की है। यह दौरा केवल औपचारिक राजनयिक संवाद नहीं था, बल्कि एक ऐसे व्यापक आर्थिक, तकनीकी और शैक्षिक गठजोड़ की नींव रखने का प्रयास था, जो आने वाले दशक में वैश्विक शक्ति-संतुलन पर भी असर डाल सकता है। जुलाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिटेन यात्रा के बाद हुआ यह उच्चस्तरीय संवाद, भारत-ब्रिटेन संबंधों के नए युग की शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है।

स्टार्मर की यह यात्रा एक व्यावहारिक दृष्टिकोण के साथ की गई, जहां प्रतीकात्मकता से अधिक ध्यान परिणामों पर था। उनके साथ ब्रिटेन के उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधि, विश्वविद्यालयों के कुलपति, और इनोवेशन सेक्टर के निवेशक शामिल थे। यह स्पष्ट संदेश था कि ब्रिटेन भारत को केवल एक उभरते बाजार के रूप में नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक साझेदार के रूप में देख रहा है, जिसके साथ मिलकर वह वैश्विक आर्थिक पुनर्गठन में भागीदार बन सकता है।

इस दौरे का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम विस्तृत आर्थिक और व्यापार समझौते के क्रियान्वयन को लेकर हुई सहमति रही। इस समझौते को अंतिम रूप देने के लिए एक जॉइंट कमिटी गठित करने की घोषणा की गई है। यह समझौता दोनों देशों के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है, क्योंकि इसके तहत भारत-ब्रिटेन व्यापार पर लगे टैरिफ में भारी कमी लाई जाएगी। इस डील के बाद ब्रिटेन से भारत आने वाले सामानों पर औसत टैरिफ 15% से घटकर मात्र 3% रह जाएगा, वहीं भारत से ब्रिटेन निर्यात होने वाले लगभग 99% उत्पादों पर टैरिफ पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। इसका सीधा असर भारतीय निर्यातकों और ब्रिटिश उपभोक्ताओं दोनों पर पड़ेगा, जहां एक ओर भारतीय उद्योगों को नए बाजार मिलेंगे, वहीं ब्रिटिश उपभोक्ताओं को सस्ते और विविध उत्पाद उपलब्ध होंगे।

वर्तमान में दोनों देशों के बीच लगभग 56 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार होता है। इस आंकड़े को 2030 तक दोगुना यानी 100 अरब डॉलर से अधिक करने का लक्ष्य रखा गया है। यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य तभी संभव है जब व्यापार बाधाओं को कम किया जाए और निवेश के प्रवाह को अधिक सुगम बनाया जाए। इसी दिशा में यह समझौता एक बड़ा कदम है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि यह साझेदारी ऐसे समय में हो रही है जब भारतीय उद्योग, विशेषकर टेक्सटाइल सेक्टर, अमेरिकी टैरिफ नीतियों से दबाव में है। अमेरिका द्वारा लगाए गए अतिरिक्त शुल्कों ने भारतीय निर्यात को नुकसान पहुंचाया है, जबकि चीन और बांग्लादेश जैसे प्रतिस्पर्धी देशों को कम टैरिफ का लाभ मिला है। अनुमान है कि अगले वर्ष भारत के टेक्सटाइल निर्यात में 10% तक गिरावट आ सकती है। ऐसे में ब्रिटेन के साथ यह समझौता भारतीय उद्योगों के लिए राहत लेकर आया है, क्योंकि यह उन्हें एक वैकल्पिक, स्थिर और लाभदायक बाजार प्रदान करेगा।

स्टार्मर की यात्रा का एक और ऐतिहासिक परिणाम शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में देखा गया। ब्रिटेन के 9 शीर्ष विश्वविद्यालयों को अब भारत में अपने कैंपस खोलने की अनुमति दी गई है। यह कदम शिक्षा क्षेत्र में एक संरचनात्मक परिवर्तन लेकर आएगा। अब भारतीय छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली ब्रिटिश शिक्षा अपने ही देश में प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह विशेष रूप से उन छात्रों के लिए राहत की बात है जो अमेरिका की कठोर वीजा नीतियों के कारण विदेश में पढ़ाई के अवसरों से वंचित हो रहे थे। भारत में ही विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों की उपस्थिति से न केवल शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि अनुसंधान, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को भी बल मिलेगा।

यह पहल भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति की उस भावना से भी मेल खाती है जिसमें विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में कार्य करने की अनुमति देने की बात कही गई थी। यह दिखाता है कि भारत अब केवल ज्ञान प्राप्तकर्ता नहीं बल्कि ज्ञान भागीदार बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

भारत और ब्रिटेन दोनों ही डिजिटल इनोवेशन के क्षेत्र में अग्रणी बनने की दिशा में काम कर रहे हैं। इस यात्रा के दौरान इंडिया-यूके टेक इनोवेशन पार्टनरशिप 2.0ह्व की घोषणा की गई, जिसके तहत दोनों देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, क्वांटम कंप्यूटिंग, और ग्रीन टेक्नोलॉजी पर संयुक्त अनुसंधान करेंगे।

ब्रिटेन ने भारत में ग्रीन हाइड्रोजन मिशन और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में निवेश की इच्छा भी जताई है। यह केवल तकनीकी सहयोग नहीं बल्कि रणनीतिक तालमेल भी है, क्योंकि भविष्य की वैश्विक अर्थव्यवस्था इन्हीं तकनीकों पर निर्भर करेगी। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर ने नई दिल्ली में कहा कि भारत के साथ साझेदारी हमारे विकास का लॉन्चपैड है। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटेन को स्वाभाविक साझेदार बताया। इन शब्दों के पीछे केवल कूटनीतिक सौजन्य नहीं, बल्कि परस्पर लाभ और रणनीतिक विश्वास की भावना झलकती है।

इन मुलाकातों का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि वे ऐसे समय में हो रही हैं जब वैश्विक राजनीति तेजी से ध्रुवीकृत हो रही है। अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा, यूरोप में आर्थिक मंदी, और रूस-यूक्रेन संघर्ष ने अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को अस्थिर कर दिया है। इस पृष्ठभूमि में भारत और ब्रिटेन, दोनों ही अपने रणनीतिक विकल्पों का पुनर्मूल्यांकन कर रहे हैं। भारत ग्लोबल साउथ का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वतंत्र नीति पर जोर दे रहा है, जबकि ब्रिटेन ब्रेक्ज़िट के बाद अपने नए व्यापारिक और राजनीतिक गठबंधन खोजने में जुटा है। अमेरिका के बढ़ते दबाव और चीन की विस्तारवादी नीतियों के बीच, भारत-ब्रिटेन की यह नजदीकी दोनों को एक मजबूत कूटनीतिक विकल्प प्रदान करती है। यह साझेदारी दोनों देशों को वाशिंगटन के साथ बातचीत करते समय अधिक आत्मविश्वास और सौदेबाजी की क्षमता देती है।

ब्रिटेन भारत का छठा सबसे बड़ा निवेशक है, जबकि भारत ब्रिटेन में दूसरा सबसे बड़ा निवेशक है। पिछले दशक में ब्रिटिश कंपनियों ने भारत में 30 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है। अब नई व्यापारिक समझौते और निवेश संरक्षण नीतियों के तहत यह प्रवाह और तेज होने की संभावना है। भारत में विनिर्माण, हरित ऊर्जा, फार्मा, और स्वास्थ्य क्षेत्र ब्रिटिश निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। वहीं, ब्रिटेन में भारतीय आईटी कंपनियां और स्टार्टअप्स तेजी से रोजगार सृजन कर रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार, केवल भारतीय कंपनियों ने ब्रिटेन में 1 लाख से अधिक नौकरियां सृजित की हैं। नई डील से इन अवसरों में और बढ़ोतरी की उम्मीद है। भारतीय स्टार्टअप्स के लिए लंदन एक ग्लोबल फंडिंग हब बन सकता है, जबकि ब्रिटिश निवेशकों को भारत की विशाल युवा आबादी और उपभोक्ता बाजार तक पहुंच मिलेगी।

कोविड-19 महामारी के दौरान भारत और ब्रिटेन ने वैक्सीन अनुसंधान और मेडिकल सप्लाई चेन में अभूतपूर्व सहयोग दिखाया था।

उसी सहयोग को आगे बढ़ाते हुए अब दोनों देशों ने ग्लोबल हेल्थ पार्टनरशिप की स्थापना की है। इसका उद्देश्य संयुक्त अनुसंधान, दवा निर्माण, और स्वास्थ्य सेवा प्रशिक्षण में तालमेल बढ़ाना है। भारत, जो अब फामेसी ऑफ द वर्ल्ड के रूप में पहचाना जाता है, ब्रिटेन के स्वास्थ्य क्षेत्र में किफायती दवाओं की सप्लाई और तकनीकी सहायता प्रदान कर सकता है।

# गूंजता रहे प्रवासी पक्षियों का मधुर कलरव

प्रमोद दीक्षित मलय



मेरा बचपन गांव में बीता है और शहर में बसने के बावजूद आज भी अपने गांव से किसी न किसी रूप में रिश्ते की डोर जुड़ी हुई है। हमारा घर गांव की मुख्य बस्ती में तो था ही, किंतु खेती-बाड़ी की सुविधा की दृष्टि से अपने आम के बगीचा समीप खेतों के बीच पुरवा (मेरा) बना लिया था। दूर-दूर तक धान-गेहूं की फसलों से लहराते खेत, मेंड़ों पर पीले फूलों वाली टोपी पहने अरहर की कतार और खेतों की माटी को अपनी जड़ों से जकड़े साधनारत कैथा, महुआ, पीपल, बेर, बरगद, शीशम के हरे-भरे तपस्वी वृक्ष तथा गगन को चूमते लम्बे मजबूत बांस। मकान से जुड़ी हुई एक बड़ी तलैया जिसके निर्मल जल में अठखेलियां करती मछलियां मन मोह लेतीं। गहरे छिछले खेतों में प्राकृतिक रूप से बन गयी बड़ी पोखर। तलैया में कोई भीटा या मेंड़ नहीं होने से बारिश के बाद भी खेतों का पानी रिस-रिस कर भरता रहता और उसमें वर्ष भर पानी भरा रहता। पोखर एक प्रकार का गहराई वाला खेत था जिसमें होली के कुछ बाद तक पानी बना रहता। इससे खेतों और वातावरण में नमी बनी रहती और मौसम सुहावना। तलैया के पानी में हम लोग बर्तन धुलते, स्नान करते और भात रांधने के लिए दौरी (बांस की एक निश्चित आकार की विशेष टोकरी) भर चावल उसी जल में धोएं जाते। तलैया में किसी जानवर या अन्य आदमियों का आना-जाना नहीं था। बरसात में तलैया के जल में करेमू की बेल फैल जाती जिसकी पत्तियों से निर्बल वर्ग की महिलाएं साग बनातीं और हम बच्चे उसकी पतली शाख से टुकड़ा तोड़ पिपहरी वाली सीटी बना पिर्र-पिर्र बजाते दौड़ते। पाठक सोच रहे होंगे कि मैं यह क्यों लिख रहा हूं, लेख का विषय तो प्रवासी पक्षी है। पाठकों का सोचना सही है, पर मेरे लेख का एक सिरा इसी तलैया से मजबूती से जुड़ा है, क्योंकि इसी तलैया पर जाड़ों के मौसम में मैंने दर्जनों प्रवासी पक्षियों को डेरा जमाते, जल पर तैरते और मोहक संगीत बिखरते देखा-सुना है। हालांकि तब मुझे बिलकुल भी मालूम नहीं था कि जाड़ों में आने वाले ये पक्षी दूर देशों से आने वाले प्रवासी पक्षी हैं, यह जानकारी बहुत बाद में हुई जब शिक्षक बन बच्चों के बीच काम करने का अवसर मिला। तब आषाढ़ में धान की बेड़ लग जाती और नवरात्र आते-आते पौधों पर दूधिया दाना बनने लगता। जल्दी पकने वाली धान की किस्में दीपावली तक पकने लगतीं और एक मीठी-भीनी महक वातावरण में घुलने लगती। धान के खेतों के भरे पानी में छोटी-छोटी मछलियां चांदी सा चमकती बहती रहतीं, लिसलिसे घोंघे अलसाये से रेंगते और केकड़े मेड़ की निचली गीली दरारों में मिट्टी के घरौंदे बनाते रहते। तलैया और पोखर में तो कुछ बड़ी मछलियों और केकड़ों का राज रहता। पोखर और तलैया में अपने आप उग आने वाला धान, जिसे हमारे यहां पसही का धान कहा जाता था, इन दिनों पक जाता था। तो बस, यही तो चाहिए था प्रवासी पक्षियों को। पर्याप्त भोजन, सुरक्षित आवास, प्रजनन हेतु अनुकूल जलवायु। दीपावली तक तलैया पर रंग-बिरंगे, धूसर, काले-सफेद छोटे-बड़े पक्षियों का कब्जा हो जाता और होली तक बना रहता। गर्मी शुरू होते गेहूं की फसल भी पक चुकी होती, खेत खाली होने लगते, आसमान कुछ-दहकने लगता, पेड़ों की छाया सिकुड़ने लगती, तलैया के चतुर्दिक उगे घास-खरपतवार सूख रहे होते, तलैया में मछलियों की धमाचौकड़ी भी शांत हो जाती तब इन प्रवासी पक्षियों की वापसी उड़ान शुरू हो जाती और एक सप्ताह के अंदर तलैया बेजान, नीरस और उदास हो जाती जैसे किसी मां के बेटे-बेटियां कमाने-खाने परदेश निकल जाते हैं। तब तलैया शुष्क आंखों से अगले वर्ष उनके आने की बाट जोहती, राह तकती। हमें भी कुछ अच्छा नहीं लगता। केवल बच्चों ही नहीं बल्कि बड़े-बुजुर्गों का रिश्ता भी प्रवासी पक्षियों से अपनेपन का रहता। कोई भी व्यक्ति किसी भी पक्षी को हानि नहीं पहुंचाते थे बल्कि कुत्ते-बिल्ली एवं सियार-लोमड़ी से बचाव करते थे। अगर कोई कुत्ता-सियार किसी पक्षी का शिकार कर लेता था तो कई दिन तक घर-परिवार में हम बच्चों को लापरवाही के लिए डांटा जाता और घर में मातम सा पसरा रहता। यह सह-अस्तित्व का भाव था, जो बिना पाठ पढ़ाये केवल आचरण-व्यवहार द्वारा एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पनपता रहता था। ये पक्षी तलैया में हम लोगों के नहाते समय भी बिना डरे बिलकुल आसपास तैरते और भोजन चुगते रहते। इन पक्षियों में सबसे बड़ा पक्षी सारस होता था, सफेद या कुछ-कुछ बादलों के रंग सा, लम्बी लाल चोंच और बड़ी-ऊंची टांगें। पूरी ऊंचाई हम बच्चों के बराबर या कुछ अधिक ही। सारस हमेशा जोड़े में होते और जब पंख फैलाकर उड़ान भरते तो लगता कि कोई छोटा वायुयान टेकऑफ कर रहा हो। उसके पंखों की फड़फड़ाहट का ध्वनि कंपन हम महसूस कर सकते थे। उसकी आवाज दूर से ही उसके आने का संकेत कर देती। अन्य पक्षियों में छोटी चोंच वाले झक सफेद बगुले होते लगता कि छोटे-छोटे बच्चे बर्फ की चादर ओढ़े बैठे हों, कुछ लगभग दो-तीन फीट ऊंचाई वाले एक टांग पर खड़े मंझोली चोंच, सफेद पेट एवं पूरे काले पंखों वाले बड़े बगुले मानों कोई बूढ़ा सफेद कुर्ता पहने ऊपर से काले ऊन का कम्बल लपेटे भजन कर रहा हो। हमारे लिए सभी पक्षी बगुले ही थे जिसे हम अपनी बोली में 'बक्का' कहते थे, उनके वैज्ञानिक नाम भी होते हैं, यह पता न था। कुछ बगुले बहुत प्यारे सुंदर बादामी, बैंगनी, हल्के लाल, आसमानी रंग के होते, लगता जैसे किसी त्योहार के लिए नये रंग-बिरंगे कपड़े सिलवाकर पहन लिए हों। ये पक्षी साल दर साल आते रहते और खुशियां बांटते। तब पता नहीं था कि ये पक्षी दूसरे देशों से आते हैं जहां कड़ाके की ठंड पड़ती है, धरती पर बर्फ की चादर बिछ जाती है। दाना-पानी के स्रोत बंद हो जाते हैं तब वे गर्म देशों की ओर उड़ पड़ते। भारत उनकी पसंद का देश होता जहां की जलवायु, भोजन एवं सुरक्षा उनके अनुकूल होती। सबसे बड़ी बात पक्षियों के प्रति आम जन में प्यार एवं अपनेपन का भाव पक्षियों को भारत आने को खींचता और वे लगातार एक ही स्थान में पीढ़ी-दर-पीढ़ी हजारों किमी की दूरी तय कर निश्चित समय पर पहुंच जाते। विशाल जलाशय, झीलें, तालाब, नदियां और गांव-गांव के छोटे-बड़े ताल-तलैया एवं पोखर इनके आश्रम स्थल होते। प्रवासी पक्षी किसानों के मीत बन फसलों को नुक्सान पहुंचाने वाले कीट-पतंगों एवं मकड़ियों को चट कर जाते। फसलों के परागण और बीजों के बिखराव में सहायक बनते।

कालचक्र कहां थमता है।समय बदला और मन एवं परिस्थितियां भी। मानव एवं प्रवासी पक्षियों के बीच पनपा सह-अस्तित्व का सेतु अब जर्जर हो रहा है। मांस के शौकीन लोग इनका शिकार करते हैं। अवैध रेत खनन से पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बिगड़ा है।? पक्षियों के प्राकृतिक पर्यावास क्षतिग्रस्त हुए हैं। भोजन का संकट भी उपस्थित हुआ है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते क्षेत्रीय जलवायु में बदलाव हुआ है। शिकारी जानवरों एवं पक्षियों द्वारा भी प्रवासी पक्षियों के अंडों एवं चूजों को नष्ट किया जा रहा है। प्रवासी पक्षी अपने गंतव्य तक पहुंचने हेतु हमेशा एक ही रास्ते का चयन करते हैं, किंतु अब बड़ी इमारतें और टावर बन जाने से वे दिग्भ्रमित भी हो रहे हैं। हालांकि सरकारों, पक्षी कल्याण हेतु समर्पित संस्थाओं और पक्षी प्रेमियों द्वारा जलाशयों पर सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु आवश्यक उपाय किये जा रहे हैं कि 29 देशों के प्रवासी पक्षियों हेतु अनुकूल शहर-गांव एवं समाज बना पायें।पर जब तक हम आमजन का मन प्रवासी पक्षियों ही नहीं बल्कि सभी पक्षियों के प्रति आत्मीय एवं संवेदनशील नहीं बना पाते तब तक कोई भी उपाय और प्रयत्न पूर्णतः फलीभूत नहीं हो पाएंगे। मई एवं अक्टूबर के द्वितीय शनिवार को मनाया जाने वाला विश्व प्रवासी पक्षी दिवस तभी सार्थक और अपने उद्देश्यों की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होगा जब बाल्यकाल से ही हम परिवार एवं विद्यालयों में बच्चों को पक्षियों के प्रति करुणा का व्यवहार करना सिखाएं और यह तभी सम्भव होगा जब हम बड़े पक्षी प्रेम का आचरण अपने जीवन में करते दिखाई देंगे, तभी प्रवासी पक्षियों का मधुर कलरव गूंजता रहेगा।

**लेखक शैक्षिक संवाद मंच उ.प्र. के संस्थापक हैं।**

# अंकुरम्-गर्भ में संस्कार की पाठशाला का अनूठा अभियान

ललित गर्ग



मानव जीवन की सबसे गहरी जड़ें गर्भ में होती हैं। यह वह प्रथम और सबसे पवित्र पाठशाला है जहाँ न केवल शरीर, बल्कि मनुष्य की चेतना, मूल्य और विचार भी आकार लेते हैं। इस गहन सत्य को आचार्य श्री महाश्रमण की पावन उपस्थिति में अहमदाबाद के कोबा स्थित तेरापंथ सभा भवन में शुरू की गई एक ऐतिहासिक पहल में जीवंत अभिव्यक्ति मिली। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल ने एक प्रेरक अभियान - ह्यअंकुरम गर्भ संस्कारः भावी जीवन की नींवह्ल का उद्घाटन किया। श्री पंकज मोदी की गरिमामयी उपस्थिति ने इस अवसर की पवित्रता और सौहार्द को और बढ़ा दिया। इस संपूर्ण परियोजना की परिकल्पना आचार्य श्री महाश्रमण की है, जिन्होंने अपने प्रवचन में इस बात पर जोर दिया कि गर्भ केवल भौतिक सृजन का केंद्र नहीं है; यह मानसिक और आध्यात्मिक मूल्यों का उद्गम है। यदि माता का मन शांत, शुद्ध और सकारात्मक है, तो वही स्पंदन शिशु के संस्कार बन जाते हैं और उसके जीवन को आकार देते हैं। उन्होंने कहा कि अंकुरम गर्भ संस्कार आंदोलन इस पवित्र दर्शन पर आधारित एक उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम है।ह्ल अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती सुमन नाहटा के नेतृत्व में, इस अभियान का उद्देश्य मातृत्व को एक नई दिशा देना है। उनके शब्दों में, एक माँ केवल एक जीवन का निर्माण नहीं करती - वह एक युग का निर्माण करती है। उसके विचार, भावनाएँ और कर्म आने वाली पीढ़ियों की दिशा निर्धारित करते हैं। मातृत्व के आध्यात्मिक अनुशासन के माध्यम से, हम सद्गुणों के बीज बोते हैं। अंकुरम एक मूल्य-उन्मुख आंदोलन है जो गर्भ से ही करुणा, शांति, संयम और सकारात्मकता का पोषण करने का प्रयास करता है। यह पहल मातृत्व को एक आध्यात्मिक साधना में बदल देती है, जहाँ प्रत्येक माँ भावना, प्रार्थना, संगीत, ध्यान और प्रेम के माध्यम से अपने अजन्मे बच्चे से जुड़ती है।

भारतीय परंपरा में, गर्भावस्था को कभी भी केवल एक जैविक प्रक्रिया के रूप में नहीं, बल्कि एक पवित्र आध्यात्मिक तपस्या के रूप में देखा गया है। यह लंबे समय से माना जाता रहा है कि बच्चे का चरित्र निर्माण जन्म के समय नहीं, बल्कि गभार्धान के क्षण से ही शुरू हो जाता है। माँ का गर्भ जीवन की प्रथम पाठशाला है। व्यास, चरक, सुश्रुत और मनु जैसे प्राचीन ऋषियों और उपनिषदों ने गर्भावस्था के दौरान की स्थितियों के महत्व पर बल दिया है। गर्भ संस्कार का शाब्दिक अर्थ है, गर्भस्थ शिशु के शरीर, मन और आत्मा का शुद्ध, सकारात्मक और रचनात्मक ऊर्जा से पोषण करना। गर्भ उपनिषद में कहा गया है कि गर्भवती स्त्री के भाव, विचार, आहार और वातावरण शिशु के मानसिक और भावनात्मक विकास को सीधे प्रभावित करते हैं। इसलिए, उसे ह्यचेतन रचनाकारह्ल कहा गया है। महाभारत में इसके ज्वलंत उदाहरण मिलते हैं-जब कुंती ने अपने प्रत्येक पुत्र को गर्भ धारण करने से पहले दिव्य मंत्रों का जाप किया, तो उस समय



उनकी मानसिक स्थिति ने उनके गुणों को आकार दिया। इसी प्रकार, अभिमन्यु द्वारा अपनी माता सुभद्रा के गर्भ में चक्रव्यूह का रहस्य जानने की कथा गर्भ संस्कार की वैज्ञानिक गहराई को दर्शाती है।

आधुनिक विज्ञान अब इस बात की पुष्टि करता है कि शिशु के मस्तिष्क का लगभग अस्सी प्रतिशत विकास गर्भ में ही होता है। गर्भ एक निष्क्रिय भौतिक स्थान नहीं है; यह ऊर्जा और बुद्धि का एक गतिशील केंद्र है जो शिशु के भावी व्यक्तित्व को आकार देता है। इस अवधारणा को व्यावहारिक बनाने के लिए, अंकुरम कार्यक्रम गर्भवती माताओं को सशक्त बनाने हेतु एक व्यापक प्रशिक्षण मॉडल प्रस्तुत करता है। यह प्रशिक्षण गर्भ संस्कार के पीछे के प्राचीन विज्ञान, शिशु की शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक बुद्धि के सचेतन विकास, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के रखरखाव, और ध्यान, मंत्रोच्चार, शास्त्र वाचन और सेवा गतिविधियों के माध्यम से भावनात्मक और आध्यात्मिक सामंजस्य के विकास को शामिल करता है। इस कार्यक्रम में दिव्य प्रसव और माताओं एवं नवजात शिशुओं की प्रसवोत्तर देखभाल के लिए मार्गदर्शन भी शामिल है। गर्भ संस्कार अकादमी की संस्थापक डॉ. सोनल जैन जायसवाल इस दृष्टिकोण को उल्लेखनीय समर्पण के साथ साकार करने का नेतृत्व कर रही हैं।

अंकुरम का दार्शनिक आधार आचार्य श्री महाप्रज्ञ के प्रेक्षाध्यान में निहित है, जिसने यह स्थापित किया कि ध्यान केवल तपस्वियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जीवन के सभी चरणों के लिए सर्वोच्च औषधि है। इसका मूल संदेश-ह्लबोध करो, जानो और रूपांतरित करोह्व, यहाँ अत्यंत प्रासंगिक हो जाता है। जब एक माँ ध्यान करती है, तो उसकी उन्नत चेतना उसके अजन्मे बच्चे की चेतना को प्रकाशित करती है। आचार्य महाप्रज्ञ कहा करते थे, ह्लगर्भ ध्यान का प्रथम मंदिर है। वहाँ उत्पन्न स्पंदन जीवन भर बच्चे के व्यक्तित्व को प्रभावित करते हैं।ह्व इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, आचार्य श्री महाश्रमण ने इस संस्कार को आधुनिक संदर्भ में विस्तारित किया है, और कहा है कि भय, अशांति और तनाव से ग्रस्त इस विश्व में, गर्भ संस्कार जैसी पहल मानवता को स्थायी शांति और मूल्यों की ओर ले जा सकती है। मातृत्व स्वयं एक पवित्र तपस्या है, और अंकुरम उस तपस्या को चेतना के उत्सव में बदल देता है।

अंकुरम गर्भ संस्कार योग, ध्यान और आधुनिक विज्ञान का सुंदर समन्वय करता है। यह इस समझ पर आधारित है कि एक माँ के विचारों और भावनाओं का गर्भस्थ शिशु पर सीधा प्रभाव पड़ता है। योग, प्राणायाम और प्रेक्षा तकनीकों के माध्यम से, गर्भवती माताएँ शांत, संतुलित और आनंदित रहना सीखती हैं, जिससे शांत, स्वस्थ और मूल्य-उन्मुख बच्चे जन्मते हैं। जैसाकि सुमन नाहटा बताती हैं, अंकुरम एक प्रशिक्षण प्रक्रिया है जो भावी माताओं को गर्भावस्था को एक आध्यात्मिक साधना में बदलना सिखाती है ताकि प्रत्येक जन्म के साथ, मूल्यों का एक नया सूर्योदय धरती पर उदित हो। यह पहल माताओं से आगे बढ़कर एक राष्ट्र-निर्माण आंदोलन है। एक मूल्य-उन्मुख पीढ़ी ही एक सशक्त समाज और एक शांतिपूर्ण विश्व की सच्ची नींव है। इस प्रकार, अंकुरम गर्भ संस्कार केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि धर्म, विज्ञान, मनोविज्ञान और संस्कृति को एक सूत्र में पिरोने वाला एक आध्यात्मिक आंदोलन है।

आचार्य श्री महाश्रमण ने ठीक ही कहा है कि संस्कार बचपन में नहीं, बल्कि गर्भ में ही शुरू हो जाते हैं। एक माँ जो सजगता, करुणा और संयम के साथ जीवन जीती है, वह एक ऐसे बच्चे को जन्म देती है जो समाज में प्रकाश फैलाता है। अंकुरम के माध्यम से, हम एक सुसंस्कृत भारत की नींव रख रहे हैं। सुसंस्कृत मातृत्व सुसंस्कृत मानवता की ओर पहला कदम है। बीज से वृक्ष तक, यह पहल एक नई मानवता के पोषण की प्रयोगशाला है। इसे भारत के उन्नीस राज्यों के साथ-साथ नेपाल और भूटान में तेरापंथ महिला मंडलों की पाँच सौ पचास शाखाओं में सत्तर हजार से ज्यादा महिलाओं द्वारा क्रियान्वित किया जायेगा।

अंकुरम गर्भ संस्कार मातृत्व को एक ध्यानपूर्ण यात्रा में बदल देगा- जहां माँ और बच्चे के बीच एक मौन संवाद, जो शब्दों में नहीं, बल्कि भावनाओं के माध्यम से व्यक्त होगा। यह धर्म, योग और शांति का संवाद है। यह पहल एक नई चेतना जगाती है कि अगर हम गर्भ से ही मूल्य-निर्माण शुरू कर दें, तो हम दुनिया से हिंसा, बेचैनी और नैतिक पतन को मिटा सकते हैं। जैसाकि आचार्य महाप्रज्ञ ने बहुत खूबसूरती से कहा है, ह्यजब एक माँ ध्यान में प्रवेश करती है, तो मानवता का भविष्य प्रार्थनापूर्ण हो जाता है।ह्ल भारतीय चिंतन में, मातृत्व को हमेशा से ही सर्वोच्च देवत्व-जननी, धात्री, अन्नपूर्णा और भूमिका देवी के रूप में पूजनीय माना गया है। माँ की गोद मूल्यों का सबसे बड़ा पवित्र स्थान है। हमारे महाकाव्य, रामायण और महाभारत, मातृ कृपा के अनगिनत आदर्शों को दर्शाते हैं-कौशल्या की कोमलता, सीता का साहस, कुंती का धैर्य और गार्गी-मैत्रेयी का ज्ञान। भारतीय संस्कृति में मातृत्व केवल एक रिश्ता नहीं है, यह एक आध्यात्मिक शक्ति, एक पवित्र ऊर्जा और समस्त सृष्टि का स्रोत है। गर्भ एक दिव्य प्रयोगशाला है जहाँ न केवल शरीर, बल्कि मानवता की आत्मा और मूल्यों का भी निर्माण होता है।

तनाव, प्रतिस्पर्धा और कृत्रिमता से ग्रस्त आज के भौतिकवादी संसार में, गर्भ संस्कार का पुनरुत्थान मानवता की जड़ों को एक बार फिर पोषित करने का मार्ग प्रस्तुत करता है। वैज्ञानिक अध्ययन अब इस बात की पुष्टि करते हैं कि एक माँ की मानसिक शांति, ध्यान, संगीत, योग और संतुलित आहार का अजन्मे बच्चे की बुद्धि, स्वास्थ्य और व्यक्तित्व पर गहरा प्रभाव पड़ता है। अंततः, अंकुरम का संदेश शाश्वत है- केवल सुसंस्कृत माताएँ ही सुसंस्कृत संतान को जन्म दे सकती हैं और ऐसी संतानें स्वर्ण युग की नींव रखेंगी।

# लेडी मेहरबाई टाटा: महिला सशक्तिकरण की अग्रदूत

राष्ट्र संवाद संवाददाता

लेडी मेहरबाई टाटा (1879-1931) भारत में महिला अधिकारों और सामाजिक सुधारों की अग्रदूतों में से एक थीं। बंबई में जन्मी लेडी मेहरबाई, एच. जे. भाभा की पुत्री थीं, जो मैसूर में इंस्पेक्टर जनरल ऑफ एजुकेशन के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने ऐसे परिवार में परवरिश पाई जहाँ शिक्षा, स्वतंत्र सोच और उदार दृष्टिकोण को सर्वोच्च महत्व दिया जाता था।

सन 1898 में उनका विवाह जमशेदजी एन. टाटा के बड़े बेटे सर दोराबजी टाटा से हुआ – यह संबंध केवल वैवाहिक बंधन नहीं, बल्कि सेवा, बौद्धिकता और सामाजिक प्रगति जैसे समान मूल्यों पर आधारित एक प्रेरक साझेदारी थी।

शालीनता, विद्वता और प्रभावशाली व्यक्तित्व की प्रतीक लेडी मेहरबाई टाटा केवल समाज की एक प्रसिद्ध हस्ती नहीं थीं, बल्कि आधुनिक भारतीय नारी की संभावनाओं का जीवंत उदाहरण थीं। एक उत्कृष्ट टेनिस खिलाड़ी के रूप में उन्होंने साठ से अधिक ट्रॉफियाँ जीतीं – जिनमें वेस्टर्न इंडिया टेनिस टूनामेंट का प्रतिष्ठित ट्रिपल क्राउन भी शामिल था। उन्होंने यह साबित किया कि महिलाएँ साड़ी पहनकर भी प्रतिस्पर्धी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं।

खेल और स्वास्थ्य के प्रति उनका समर्पण केवल व्यक्तिगत रुचि तक सीमित नहीं था। वे और सर दोराबजी टाटा युवाओं में खेल, फिटनेस और जीवन के संतुलन को बढ़ावा देने के लिए जिमखानों और विभिन्न युवा गतिविधियों के सक्रिय संरक्षक बने रहे।

लेडी मेहरबाई टाटा की सबसे बड़ी



विरासत उनके उस अदम्य संकल्प में निहित है, जिसके माध्यम से उन्होंने भारतीय महिलाओं के विकास और अधिकारों की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए। उन्होंने बॉम्बे प्रेसीडेंसी विमेन्स काउंसिल की सह-संस्थापक के रूप में और आगे चलकर नेशनल काउंसिल ऑफ विमेन इन इंडिया की स्थापना में अग्रणी भूमिका निभाई। इन मंचों के जरिये उन्होंने बाल विवाह, पर्दा प्रथा, महिलाओं की शिक्षा, सामाजिक असमानता और लैंगिक न्याय जैसे मुद्दों पर जनचेतना जगाई।

लेडी मेहरबाई ने बाल विवाह उन्मूलन के लिए बने सरदा एक्ट का पूरे मनोयोग से समर्थन किया और देशभर में महिलाओं के लिए उच्च शिक्षा के अवसर बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी वे भारत की महिलाओं की सशक्त आवाज बनकर उभरीं। अमेरिका के बैटल क्रीक कॉलेज जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर उन्होंने भारतीय महिलाओं की स्थिति पर गहन संवेदना, सटीक दृष्टिकोण और अटूट आत्मविश्वास के साथ विचार रखे।

लेडी मेहरबाई टाटा की करुणा जितनी गहरी थी, उनका साहस उतना ही अदम्य था। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान उन्होंने राहत कार्यों के लिए सक्रिय रूप से धन एकत्र किया और इंडियन रेड क्रॉस के साथ मिलकर मानवता की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाई। उनके इन उत्कृष्ट योगदानों की सराहना में वर्ष 1919 में किंग जॉर्ज पंचम ने उन्हें कमांडर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर की उपाधि से सम्मानित किया।

# उपायुक्त नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में कौशल विकास व रोजगार सृजन पर समीक्षा बैठक संपन्न

राष्ट्र संवाद संवाददाता

सरायकेला-खरसावां, 10 अक्टूबर : समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त श्री नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में कौशल विकास, आजीविका मिशन, रोजगार सृजन, नाबार्ड योजनाओं एवं औद्योगिक समन्वय से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि औद्योगिक संस्थानों से समन्वय स्थापित कर स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि सभी प्रशिक्षण संस्थान समयबद्ध तरीके से सत्र पूरा करें और एक्शन प्लान जिला कार्यालय को उपलब्ध कराएं।



उन्होंने RSETI के अंतर्गत मोबाइल रिपेयरिंग, सोलर इंस्टालेशन, सीसीटीवी, ड्रोन टेक्निशियन जैसे तकनीकी क्षेत्रों में प्रशिक्षण पर बल दिया। साथ ही, प्रशिक्षित युवाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ने की बात कही।

बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और प्लास मार्ट संचालन की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि योग्य स्वयं सहायता समूहों को प्लास मार्ट संचालन की जिम्मेदारी दी जाए और स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता मिले।

उन्होंने कहा कि कौशल विकास और औद्योगिक समन्वय का उद्देश्य युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।

बैठक में श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर, नियोजन पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक और विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर सोना देवी विश्वविद्यालय में व्याख्यान, विद्यार्थियों को दिए मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के सुझाव

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय के विवेकानंद ऑडिटोरियम में आज विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2025 के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस वर्ष का वैश्विक विषय ह्लसेवाओं तक पहुँचः आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्यह्व रहा।

कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. (डॉ.) गुलाब सिंह आजाद ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं और सामाजिक तनावों के कारण मानसिक स्वास्थ्य अब अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बन गया है। उन्होंने डिप्रेशन और एंजायटी के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सही उपचार और जागरूकता से मानसिक बीमारियाँ ठीक हो सकती हैं। विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूत रहने के लिए एकाग्रता, आत्मसंयम, आत्मचिंतन और सकारात्मक सोच अपनाने की सलाह दी।




कुलपति डॉ. जे.पी. मिश्रा ने कहा कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य एक-दूसरे से जुड़े हैं। जीवन में संतुलन और समायोजन आवश्यक है। सही सोच और परिस्थितियों के अनुरूप बदलाव से मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रखा जा सकता है।

कुलाधिपति श्री प्रभाकर सिंह ने भारतीय दर्शन, योग और संयमित जीवनशैली को मानसिक स्वास्थ्य का आधार बताया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक जीवन, पर्यावरण से जुड़ाव और संतुलित भोजन मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के प्रमुख तत्व हैं।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## छात्रवृत्ति भुगतान की मांग को लेकर एआईडीएसओ ने सौंपा ज्ञापन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चांडिल,** – ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (एआईडीएसओ) सरायकेला-खरसावां जिला कमिटी ने चांडिल एसडीओ के माध्यम से झारखंड सरकार के आदिवासी कल्याण मंत्री को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने कहा कि सत्र 2024-25 की छात्रवृत्ति अब तक अधिकांश छात्रों को नहीं मिली है, जिससे हजारों विद्यार्थी प्रभावित हैं।



जिला अध्यक्ष विशेश्वर महतो ने आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों से छात्रवृत्ति वितरण में भारी देरी हो रही है, जबकि अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के वेतन समय पर दिए जा रहे हैं। एआईडीएसओ ने सभी लंबित छात्रवृत्तियों का शीघ्र भुगतान, सत्र 2025-26 की छात्रवृत्ति प्रक्रिया शुरू करने और वितरण प्रणाली को सरल व समयबद्ध बनाने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान विशेश्वर महतो,युधिष्ठिर प्रमाणिक,राजा प्रमाणिक,समीर कुमार महतो,सत्यजीत प्रमाणिक,कार्तिक महतो,रोहित प्रमाणिक, बुधन प्रमाणिक,राहुल महतो,राजीव महतो, दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## झारखंड में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू हो: राजेश कुमार शुक्ल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### चाईबासा जिला बार एसोसिएशन ने किया सम्मानित

**चाईबासा,** : चाईबासा जिला बार एसोसिएशन ने झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल का बार भवन में भव्य अभिनंदन किया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने उनके द्वारा वर्षों से किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की।



अपने संबोधन में श्री शुक्ल ने कहा कि झारखंड में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट का शीघ्र लागू होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि अधिवक्ता निर्भीक होकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। उन्होंने कहा कि राज्य में अधिवक्ताओं के साथ मारपीट और धमकी की घटनाएं चिंताजनक हैं।

उन्होंने उड़ीसा के अधिवक्ता पितवास पांडा की हत्या की निंदा करते हुए कहा कि अब पूरे देश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद ने कहा कि श्री शुक्ल झारखंड के अधिवक्ताओं का गौरव हैं और उन्होंने राज्य में अधिवक्ता हित में कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं।

इस अवसर पर झारखंड बार काउंसिल सदस्य अनिल कुमार महतो ने कहा कि श्री शुक्ल के नेतृत्व में राज्य में अधिवक्ताओं के लिए पेंशन योजना, युवा अधिवक्ता प्रोत्साहन राशि और आधारभूत संरचना जैसी कई उपलब्धियां मिलीं।

अंत में उपाध्यक्ष परवेज कैसर ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे। श्री शुक्ल ने जिला बार पदाधिकारियों संग प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहम्मद शाकिर से भी मुलाकात कर अधिवक्ताओं की समस्याओं से अवगत कराया।

## जादूगोड़ा यूसील संपदा विभाग के सफाई कर्मियों को नहीं मिली ई.एल. राशि – ठेकेदार पर मजदूरों ने लगाया आरोप, हड़ताल की चेतावनी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा।** यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसील) के संपदा विभाग में कार्यरत लगभग 30 सफाई कर्मी दीपावली और छठ जैसे प्रमुख त्योहारों से पहले भी ई.एल. (अर्जित अवकाश) की राशि और वेतन से वंचित हैं।

मजदूरों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा कई बार वादा करने के बावजूद उन्हें अब तक ई.एल. की राशि नहीं दी गई है। मजदूरों ने बताया कि यूसील प्रबंधन ने ठेकेदार से भुगतान दिलाने का आश्वासन दिया था, और इस मुद्दे पर स्थानीय नेताओं की उपस्थिति में कई बैठकें भी हुईं, लेकिन नतीजा शून्य रहा।




मजदूरों के अनुसार, 6 अक्टूबर को भुगतान की अंतिम तिथि तय की गई थी, लेकिन 10 अक्टूबर तक भी राशि नहीं मिली है।

उन्होंने कहा कि यदि जल्द वेतन और ई.एल. का भुगतान नहीं हुआ, तो मजदूर हड़ताल पर जाने को विवश होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी ठेकेदार और यूसील प्रबंधन की होगी।

सूत्रों के अनुसार, यूसील अधिकारियों ने कई बार ठेकेदार को समय पर भुगतान करने की चेतावनी दी है, लेकिन इसके बावजूद मजदूरों को अब तक वेतन और ई.एल. की राशि नहीं मिल पाई है।

मजदूरों ने कहा कि वे त्योहार से पहले बकाया भुगतान की उम्मीद कर रहे हैं, अन्यथा वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होंगे।

## किडनी रोग से जूझ रहा जादूगोड़ा का धर्मेंद्र साव – मदद की गुहार पर पूर्व विधायक कुणाल सारंगी ने उठाई आवाज

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा निवासी 33 वर्षीय धर्मेंद्र साव पिछले दो वर्षों से किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। लगातार डायलिसिस पर जीवन बिता रहे धर्मेंद्र के लिए अब किडनी ट्रांसप्लांट ही जीवन बचाने का एकमात्र उपाय बचा है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे इस परिवार ने सरकार और जनप्रतिनिधियों से मदद की गुहार लगाई है।



धर्मेंद्र साव ने इस संबंध में झामुमो के युवा नेता एवं पूर्व विधायक कुणाल सारंगी को पत्र लिखकर सहयोग की अपील की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को भी पत्र भेजकर आर्थिक और चिकित्सकीय मदद मांगी है।

पूर्व विधायक कुणाल सारंगी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर धर्मेंद्र साव का पत्र साझा करते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से इस मामले में तुरंत संज्ञान लेने की अपील की है।

धर्मेंद्र साव ने अपने पत्र में लिखा है कि वह गरीब परिवार से संबंध रखते हैं, और उनके पिता अब बुजुर्ग हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास आयुष्मान कार्ड है, लेकिन कोई भी अस्पताल किडनी ट्रांसप्लांट ऑपरेशन करने को तैयार नहीं है।उन्होंने यह भी बताया कि उनकी पत्नी किडनी देने को तैयार हैं, मगर सरकारी मदद और अस्पताल की स्वीकृति के बिना ऑपरेशन संभव नहीं हो पा रहा है।स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन और सरकार से धर्मेंद्र साव की मदद की अपील की है ताकि इस युवा की जिंदगी बचाई जा सके।

## पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने किया गम्हरिया थाना का निरीक्षण दिए आवश्यक दिशा निर्देश

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।**जिले पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत द्वारा गुरुवार को गम्हरिया थाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाना अभिलेखों की गहनता से जांच करते हुए उन्होंने लंबित कांडों, वारंट, इश्तेहार, कुर्की आदि का त्वरित निष्पादन करने, वारंटियों व फिरारियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी अभियान चलाने, बैंक/एटीएम पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। इसके अलावा एसपी ने क्षेत्रों में अड्डाबाजी, अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु सघन गश्ती करने एवं आगामी दीपावली एवं छठ पूजा पर्व पर विधि व्यवस्था संधारण के संबंध में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।



## 29वां श्री श्याम जन्म महोत्सव के प्रभारी बने समाजसेवी कुसुम खैतान

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चांडिल।** श्री श्याम मंदिर प्रांगण में श्री श्याम कला भवन के संयोजक संजय शर्मा द्वारा समाजसेवी श्री कुसुम खैतान को आगामी 29वें श्री श्याम जन्म महोत्सव का प्रभारी नियुक्त किए जाने की घोषणा की गई। इस अवसर पर श्री श्याम कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी, उपाध्यक्ष राजीव गुप्ता, सचिव परमानंद पसारी सहित अन्य सदस्यों ने श्री खैतान का दुपट्टा पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया।

प्रभारी बनाए जाने पर समाजसेवी कुसुम खैतान ने कहा -

श्री श्याम कला भवन ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूँ। यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मुझे इस भव्य महोत्सव की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। मै प्रयास करूंगा कि आयोजन भक्तिभाव, अनुशासन और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बने




कार्यक्रम के दौरान भक्तों में उत्साह का माहौल देखा गया। आयोजन समिति ने बताया कि इस बार महोत्सव में अनेक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर नीलकमल जालान, विकास रूंगटा, हरीश सुल्तानिया,रवि शर्मा, रवि सुल्तानिया,पीयूष चौधरी, अश्वनी शर्मा ,सुभाष शर्मा आदि उपस्थित थे.

## डुमरिया प्रखंड का रांगामाटिया उत्क्रमित उच्च विद्यालय का हाल बेहाल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### एक की कक्षा में पहली से पांचवी तक जमीन पर बैठ कर नौनिहाल करते पढ़ाई, चार शिक्षक के भरोसे 219 छात्र छात्राएं

**जादूगोड़ा** : डुमरिया प्रखंड का रांगामाटिया उत्क्रमित उच्च विद्यालय का हाल बेहाल है। आलम यह है एक की कक्षा में पहली से पांचवी तक बच्चे जमीन पर बैठ कर पढ़ाई करते है। यह विधालय चार शिक्षकों के भरोसे 219 छात्र छात्राएं का भविष्य संवारने में जुटे है। इस बाबत विद्यालय के प्राचार्य दिन बंधु सिंह कहते है कि कमरों की भारी कमी को देखते हुए पहली से लेकर पांचवीं तक के बच्चों को एक ही कक्षा में भी बैठना उनकी मजबूरी है। इस बाबत कई बार विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखा गया लेकिन नतीजा सिफर निकला। उन्होंने मांग की है स्कूल के बगल में अधूरे भवन का कार्य को पूरा किया जाएं ताकि बच्चों को बैठने की समस्या से निदान मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षकों की भी भारी कमी है।कुल 10 शिक्षक की जरूरत है व फिलहाल 4 शिक्षक के भरोसे 219 छात्र छात्राएं अध्यनरत है। इधर विद्यालय में शिक्षकों की कमी को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सह जनता दल यूनाइटेड के महासचिव वीर सिंह देवगम ने उपायुक्त को पत्र कर विद्यालय की समस्या का समाधान करने की मांग की है अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है।



## सार-संक्षेप

### जादूगोड़ा में बिना चालान चिप्स लोड हाईवा जब्त — खनन विभाग की कार्रवाई से माफियाओं में हड़कंप

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा।** थाना अंतर्गत ग्राम तीलाई टांड़ स्थित जादूगोड़ा-हाता मुख्य सड़क पर शुक्रवार को खनन निरीक्षक, जमशेदपुर ने बिना चालान चिप्स लदे एक हाईवा (संख्या JH05CN 4595) को जब्त कर लिया। वाहन को 10 अक्टूबर 2025 को जादूगोड़ा थाना परिसर में सुरक्षा के तौर पर रखा गया है, जबकि जिला खनन कार्यालय द्वारा विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।




खनन विभाग की इस सख्त कार्रवाई से बालू और गिट्टी माफियाओं में हड़कंप मच गया है। विभाग ने साफ किया है कि अवैध खनन और परिवहन पर किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, धालभूमगढ़, बहरागोड़ा, पोटका, गुड़ाबांधा और पिताजुड़ी जैसे इलाकों में लगातार अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद खनन विभाग ने छापेमारी अभियान तेज कर दिया है। जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर यह अभियान लगातार जारी है।

जिला खनन पदाधिकारी सतीश नायक ने कहा कि ह्लअवैध खनन और परिचालन में लिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।ह्व

### रक्तदान शिविर का आयोजन



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।**प्रखंड के सालमपाथर स्थित प्राथमिक विद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आदिम जुग्न जुमिद गाँवता, गम्हरिया की ओर से मारांग पेड़ा देश परगाना बाबा मानोतान फकीर मोहन टुडू के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। शिविर में कुल 150 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस मौके पर 78 बार रक्तदान करने वाले राजेश मार्डी और 35 बार रक्तदान करने वाले सीताराम हेम्ब्रम को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोड़ पीड़ परगाना बाबा राजेश टुडू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### एक्सआईटीई गम्हरिया में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यशाला का आयोजन




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।**आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ विभाग की ओर से एक्सआईटीई गम्हरिया में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर की आर्ट ऑफ लिविंग की सूत्रधार मोक्षिता गौतम उपस्थित थी। इस मौके पर मौजूद आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ विभाग के को-ऑर्डिनेटर डॉ0 संचिता घोष चौधरी ने कार्यक्रम की शुरूआत किया। कार्यशाला का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं और उनसे निपटने की रणनीतियों पर खुले संवाद के लिए एक सुरक्षित और सहायक वातावरण बनाना था। इस दौरान सुश्री मोक्षिता गौतमी ने इसपर कुछ सुझाव और व्यक्तिगत अनुभव साझा किया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत को प्रोत्साहित करके कार्यक्रम ने एक दूसरे की मदद लेने को सामान्य बनाने और भावनात्मक कल्याण को एक सामूहिक ज़िम्मेदारी के रूप में बढ़ावा देने का प्रयास किया। इस मौके पर अंग्रेजी विभाग की डॉ0 स्वाति सिंह भी मौजूद थी।

### घाटशिला उपचुनाव को लेकर जादूगोड़ा मोड चौक पर बना चेक पोस्ट, पुलिस अधिकारी संदीप कुमार की हुई तैनाती




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा** : घाटशिला उपचुनाव को लेकर जादूगोड़ा मोड चौक पर चेक पोस्ट बनाया गया है जहां गोलमुरी पुलिस लाइन से पुलिस अधिकारी संदीप कुमार की तैनाती सशस्त्र बल के साथ को गई है। इस बाबत पुलिस अधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग के गाइड के तहत चेक पोस्ट काम करेगा। चेक पोस्ट से गुजरने वाले सभी तरह चार पहिया वाहन में छुपा कर ले जा रहे अवैध हथियार, दारू, पैसे की खेप की जांच की जाएगी ताकि घाटशिला उपचुनाव किसी प्रकार की खलल पैदा न हो व मतदान शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो सके।

### पूर्व मंत्री सनातन सरदार का 13 वीं पुण्य तिथि मनाया गया

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पोटका।** प्रखंड के पोटका पंचायत अंतर्गत रोलाडीह गांव निवासी पूर्व मंत्री रहे दिवंगत सनातन सरदार का 13 वीं पूण्यतिथि सादगी से मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम स्व सनातन सरदार की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि स्व.सरदार पोटका क्षेत्र के एक ईमानदार और मिलनसार जनप्रतिनिधि थे। इन्होंने पोटका विधानसभा क्षेत्र का बतौर विधायक तीन बार प्रतिनिधित्व किया। इनके कार्यकाल में पोटका में कई उच्च विद्यालयों का सरकारी करण हुआ। कांग्रेस के शासनकाल में लघु सिंचाई मंत्री भी रहे। इस अवसर पर पंसस छवि दास, आनंद दास, झारखंड आंदोलनकारी तपन दास, ग्राम प्रधान अमल रंजन सरदार,कमल लोचन सरदार, संतोष कुमार सरदार,फुदन सरदार,श्यामली सिंह, शंकर सिंह सरदार,नाडू दास, धनपति सरदार रोहित सरदार, नित्रा सरदार,मेथीसन सरदार सहित अन्य उपस्थित थे।



# शुभेंदु अधिकारी ने मुख्य चुनाव आयुक्त से ममता बनर्जी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की



**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार रात चुनाव आयोग से राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल पर निर्लज्ज हमला किया है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास है।

अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने यह बयान किसी राजनीतिक रैली में नहीं, बल्कि राज्य सचिवालय नवान्न में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, मुख्य सचिव की उपस्थिति में दिया। उन्होंने सीईओ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए मैं आशा करती हूं कि वे अधिक प्रतिक्रिया न दें या आक्रामक न हों जैसी टिप्पणियां कीं, जो अनुसार एक संवैधानिक पदाधिकारी को डराने-धमकाने का प्रयास है।

शुभेंदु अधिकारी ने अपने एक्स (पूर्व ट्विटर) हैंडल पर लिखा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के खिलाफ खुले तौर पर लगाए गए आरोप और अप्रत्यक्ष धमकियां न केवल असंवैधानिक हैं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रणाली की पवित्रता पर सीधा प्रहार हैं।

उन्होंने कहा कि यह पहला मौका नहीं है जब मुख्यमंत्री ने चुनावी प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों को धमकाया हो। 28 जुलाई 2025 को बीरभूम जिले के बोलपुर में आयोजित एक प्रशासनिक बैठक के दौरान भी ममता बनर्जी ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को यह चेतावनी दी थी कि यदि उन्होंने मतदाता सूची से किसी का नाम हटाने की कोशिश की, तो उन्हें परिणाम भुगतने होंगे। अधिकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री ने यह भी कहा था कि चुनाव के बाद चुनाव आयोग का अधिकार खत्म हो जाएगा, जिससे बीएलओ पर दबाव बनाने का प्रयास स्पष्ट था। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की निष्क्रियता ने मुख्यमंत्री को और अधिक साहसी बना दिया है, जिसके चलते अब उन्होंने एक संवैधानिक अधिकारी पर सीधे हमले की हद तक जाने की हिम्मत की है।

अधिकारी ने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि हाल ही में एक अनुसूचित जनजाति समुदाय के सांसद पर दिनदहाड़े हमला किया गया, जबकि वह बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांट रहे थे। अधिकारी ने कहा, जब एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी सुरक्षित नहीं है, तो सीईओ की सुरक्षा पर गंभीर खतरा है, जिन पर स्वयं मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक रूप से धमकी दी है।

शुभेंदु अधिकारी ने चुनाव आयोग से ममता बनर्जी के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई की मांग की, ताकि यह संदेश जाए कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह मुख्यमंत्री ही क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है। उन्होंने सीईओ के कार्यालय और आवास पर केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की भी मांग की, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## पांच हजार का ईनामी स्मैक तस्कर गिरफ्तार



**हरिद्वार,एजेंसी।** ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत कार्यवाही करते हुए बहादराबाद पुलिस ने पांच हजार के ईनामी स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित के मोबाइल ने कई राज खोले। कई ड्रग्स पेडलर के नाम सामने आए हैं। अब पुलिस उन पर भी शिकंजा कसने की तैयार में है। जानकारी के मुताबिक एनडीपीएस के मामले में सलमान निवासी ग्राम पाडली गुर्जर रूडकी, जिला हरिद्वार फरार चल रहा था। आरोपित के लगातार फरार रहने के कारण एसएसपी ने उस पर पांच हजार का ईनाम घोषित किया था। पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी थी। थाना बहादराबाद पुलिस व सीआईयू रुड़की की संयुक्त टीम ने आरोपित को सूचना पर रुड़की से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ व मोबाइल से कुछ ड्रग पेडलरो के नाम प्रकाश में आये हैं। जिनकी गिरफ्तारी के पुलिस प्रयास में जुटी है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए उसका चालान कर दिया है।

## बीएसएफ ने भारत-पाक सीमा से पकड़ा तस्कर, दो पिस्तौल बरामद



**चंडीगढ़,एजेंसी।** बीएसएफ ने पंजाब के सीमावर्ती जिला तरनतारन के गांव वान में कार्रवाई करते हुए एक भारतीय तस्कर को हथियारों समेत गिरफ्तार किया है। बीएसएफ प्रवक्ता के अनुसार जांच दल की तरफ से गांव वान में दो अभियान चलाए गए। खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को धान के खेत से पकड़ा गया, जिसके बाद बीएसएफ-पंजाब पुलिस के संयुक्त अभियान में पिस्तौल बरामद की गई। एक अन्य अभियान में पास के खेतों से धातु के लूप वाली पीले चिपकने वाली टेप में लिपटी एक पिस्तौल बरामद की गई।

## नाबालिग से कुकर्म मामले में फरार इनामी आरोपित गिरफ्तार




**हरिद्वार, एजेंसी।** नाबालिग से दुष्कर्म करने और उसका अश्लील वीडियो बनाकर ब्लेकमेल करने के मामले में फरार आरोपित को बहादराबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक सिडकुल हरिद्वार निवासी पीड़ित के पिता ने बहादराबाद थाना में अपने नाबालिग पुत्र के साथ कुकर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर पिछले एक वर्ष से ब्लेकमेल व परेशान करने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस मामले में आरोपित विशाल उर्फ फकरे निवासी श्यामीवाला मंडावली बिजनौर उ.प्र. हाल सिडकुल हरिद्वार के एक वर्ष से फरार था। एसएसपी ने आरोपित विशाल की गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने एक मुखबिर की सूचना पर आरोपित विशाल उर्फ फुकरे को आज सलेमपुर रोड सिडकुल से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर उसका चालान कर दिया है।

## ओडिशा: ज्ञात आय से 190 प्रतिशत अधिक संपत्ति रखने पर ओएएस अधिकारी तथा महाकालपडा तहसीलदार शिव मलिक गिरफ्तार

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा भ्रष्टाचार निरोधक (विजिलेंस) विभाग ने केन्द्रीयपाड़ा जिले के महाकालपडा तहसीलदार शिव मलिक को उनकी ज्ञात आय से लगभग 190 प्रतिशत अधिक अघोषित संपत्ति रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह जानकारी विजिलेंस विभाग द्वारा जारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई। विजिलेंस की जांच में पाया गया कि शिव मलिक ने अपनी वैध आय से कहीं अधिक संपत्ति अर्जित की है। बरामद संपत्तियों में चार इमारतें, सात कीमती भूखंड, ?18 लाख के बैंक जमा, ?1.55 लाख नकद, और अन्य मूल्यवान वस्तुएं शामिल हैं। अधिकारी इन संपत्तियों का संतोषजनक स्पष्टीकरण देने में विफल रहे।

इस संबंध में कटक विजिलेंस पुलिस स्टेशन केस नंबर 31 (दिनांक 09.10.2025) के तहत शिव मलिक और उनकी पत्नी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। विभाग ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर आज अदालत में पेश किया जाएगा। ह उनके खिलाफ पिछले कुछ हफ्तों में दर्ज दूसरा मामला है। इससे पहले, कटक विजिलेंस पीएस केस नंबर 29 (दिनांक 23.09.2025) में शिव मलिक को ?20,000 की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि तहसीलदार ने उसके घर के रास्ते को अवरुद्ध कर रहे सरकारी भूमि पर बने अवैध ढांचे को हटाने में मदद के लिए रिश्वत की मांग की थी। उन्हें 24 सितंबर 2025 को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया था। पहले मामले के बाद विजिलेंस की टीमों ने शिव मलिक से जुड़े कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। विस्तृत जांच और मूल्यांकन के बाद यह सामने आया कि उन्होंने अपनी वैध आय से कहीं अधिक संपत्ति अर्जित की है। विजिलेंस विभाग ने कहा है कि मामले की आगे की जांच जारी है। रामबन जिले के सेरी इलाके में शुक्रवार सुबह एक ट्रक और एक हल्के मोटर वाहन की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब राजमार्ग पर दोनों वाहन आपस में टकरा गए जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुँचे और घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुँचाया। मृतक और घायलों की पहचान के बारे में फिलहाल जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और आगे की जाँच शुरू कर दी है।

## कोरबा-चांपा रेल मार्ग पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस दुर्घटना का शिकार होने से बची

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
कमाल अहमद

### लोको पायलट की समय पर की गई कार्रवाई ने एक बड़ा हादसा टाल दिया

**कोरबा:-** कोरबा-चांपा रेल मार्ग पर एक बड़ी रेल दुर्घटना उस समय टल गई जब छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के नीचे अचानक एक भारी लोहे का एंगल फंस गया। यह घटना मड़वारानी स्टेशन के पास उस समय हुई जब ट्रेन तेज रफ्तार से गुजर रही थी। अचानक जोरदार आवाज और झटके महसूस करते ही यात्री घबरा गए, लेकिन समय रहते लोको पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया।

रेलवे अधिकारियों की प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि पटरियों पर एक बड़ा और भारी लोहे का एंगल पड़ा था, जो ट्रेन के दोनों पहियों के बीच फंस गया। यदि ट्रेन कुछ और दूरी तक आगे बढ़ती तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। यात्रियों और ट्रेन स्टाफ की सतर्कता से एक बड़ी जनहानि टल गई। घटना वाले ट्रैक के पास ही एक फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि निर्माण कार्य में उपयोग हो रहा यह लोहे का एंगल लापरवाही के चलते ट्रैक पर गिर गया होगा। इस गंभीर चूक ने रेलवे की सुरक्षा व्यवस्थाओं और निर्माण कार्यों में बरती जा रही सतर्कता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ट्रैक की गहन जांच की गई। कोरबा रेलवे के एआरएम उत्कर्ष गौरव ने बताया, ट्रैक पर कुछ समस्या आई थी, जिसे तुरंत ठीक कर लिया गया है। किसी भी यात्री को कोई परेशानी नहीं हुई और ट्रेन को सुरक्षित रवाना कर दिया गया है।इस घटना में लोको पायलट की समय पर की गई कार्रवाई ने एक बड़ा हादसा टाल दिया। ट्रेन को बिना किसी क्षति के सुरक्षित रोक लिया गया और यात्रियों को भी किसी तरह की चोट या असुविधा नहीं हुई। हालांकि, यह घटना एक बार फिर रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था और निर्माण कार्यों में हो रही लापरवाही को उजागर करती है। यदि समय रहते इमरजेंसी ब्रेक नहीं लगाया जाता, तो यह घटना जानलेवा हो सकती थी। रेलवे द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है और यह देखा जा रहा है कि आखिर यह एंगल ट्रैक पर कैसे गिरा और कौन इसके लिए जिम्मेदार है।

## असम सरकार दो लाख नौकरियों की नियुक्तियों के करीब : मुख्यमंत्री



**गुवाहाटी, एजेंसी** ।असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने सार्वजनिक भर्ती में राज्य सरकार की उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डाला और घोषणा की कि असम लगभग दो लाख नियुक्तियां करने की राह पर है, जो उसके शुरुआती एक लाख के वादे को पार कर गया है।

एडीआरई और अन्य परिणामों की घोषणा के बाद शुक्रवार को सरमा ने कहा कि एक बार फिर, हमने स्वच्छ, पारदर्शी और योग्यता-आधारित भर्ती के अपने वादे को पूरा किया है। असम ऊंचाइयों पर खड़ा है। सार्वजनिक नियुक्तियों में ईमानदारी, निष्पक्षता और अवसर के लिए एक नया मानक स्थापित कर रहा है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार ने न केवल अपने लक्ष्यों को पूरा किया है, बल्कि उनसे भी आगे निकल गई है, जो असम के युवाओं के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। योग्यता-आधारित अवसरों पर प्रशासन के फोकस को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित है और उनकी कड़ी मेहनत इस नए असम में सफलता को परिभाषित करती है।

इस घोषणा को असम की सार्वजनिक सेवा भर्ती प्रक्रिया में एक मील के पत्थर के रूप में देखा जा रहा है, जो पारदर्शिता और पैमाने दोनों के लिए एक कीर्तिमान स्थापित करेगा और रोजगार के माध्यम से राज्य के युवाओं को सशक्त बनाने के सरकार के वादे को मजबूत करेगा।

## ट्रक चोरी के आरोपितों को किया गिरफ्तार, ट्रक बरामद



**हरिद्वार,एजेंसी।** भगवानपुर थाना पुलिस ने ट्रक चोरी के दो आरोपितों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी किया ट्रक भी बरामद कर लिया है। पुलिस अन्य फरार आरोपितों की तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक 7 अक्टूबर को आजम पुत्र जाहिद निवासी किशनपुर जमालपुर थाना भगवानपुर, हरिद्वार ने भाई इन्तजार के 12 टायरा ट्रक संख्या यूके 07 सीए 5535 को एसपी ग्लोबल कालेज ग्राम पुहाना के पास से चोरी होने के संबंध में पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। चोरी की तलाश में जुटी पुलिस ने छानबीन करते हुए दो आरोपितों को चोरी के ट्रक के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ करने में 04 अन्य आरोपितों के नाम भी चोरी की वारदात में शामिल होना बताया।

पकड़े गए आरोपितों के नाम पते जाहिद निवासी ग्राम खेडी लक्ष्मीपुर थाना जसपुर उधमसिंह नगर व आवेश उर्फ सावेज निवासी मौहल्ला चांद मस्जिद नई बस्ती जसपुर थाना जसपुर उधमसिंह नगर बताए गए हैं। जाहिद पर पूर्व में भी विभिन्न धारओं में पांच मुकदमे दर्ज हैं। घटना में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

## तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के अंतर्गत तंबाकू मुक्त जीवनशैली अपनाने के बारे ली शपथ



**मंडी, एजेंसी।** राज्य में तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों से युवाओं को जागरूक करने और तंबाकू मुक्त जीवनशैली अपनाने के उद्देश्य से तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोहांडा में शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड चिकित्सा अधिकारी रोहांडा डॉ. लाल सिंह ने की।

इस अवसर पर डॉ. लाल सिंह ने केंद्र के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को जीवन में कभी भी किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद का सेवन न करने, अपने परिवार, मित्रों और परिचितों को भी तंबाकू सेवन से दूर रहने के लिए प्रेरित करने तथा तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों से समाज और पर्यावरण की रक्षा करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि मानसिक और सामाजिक रूप से भी व्यक्ति को कमजोर बनाता है। तंबाकू से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियों और अन्य घातक समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।

डॉ. लाल सिंह ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश के सभी स्कूलों, कॉलेजों और संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाना है ताकि आने वाली पीढ़ी तंबाकू रहित स्वस्थ जीवन जी सके। उन्होंने कहा कि यह पहल एक तंबाकू मुक्त पीढ़ी तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह अभियान युवाओं को नशे से दूर रखकर उन्हें एक स्वस्थ, जागरूक और सशक्त नागरिक बनने के लिए प्रेरित करेगा। सरकार का लक्ष्य है कि आने वाली पीढ़ी न केवल शिक्षित हो, बल्कि शारीरिक और मानसिक रूप से भी मजबूत होकर देश के विकास में योगदान दे।

## ओडिशा भद्रक में युवक को पुलिस बनाकर जांच करवाने पर एसआई निलंबित

**भुवनेश्वर,एजेंसी।** ओडिशा पुलिस ने कर्तव्य में लापरवाही और एक युवक को पुलिस अधिकारी के रूप में पेश कर किसी मामले की जांच करवाने के आरोप में एक उप-निरीक्षक (एसआई) को निलंबित कर दिया है। निलंबित अधिकारी की पहचान भद्रक ग्रामीण थाना के एसआई कार्तिक जेना के रूप में हुई है। घटना सामने आने के बाद भद्रक एसपी मनोज राउत ने उनके निलंबन का आदेश जारी किया। जानकारी के अनुसार, धुसुरी क्षेत्र (धामनगर ब्लॉक) के निवासी युवक पीयूष पांडा को भी गिरफ्तार किया गया है। उसे आज अदालत में पेश किया जाएगा। बताया जा रहा है कि पीयूष ने एसआई जेना के निर्देश पर पुलिस अधिकारी के वेश में रसिकाबागा गांव (कलेई पंचायत) जाकर एक मामले की जांच करने का प्रयास किया था। जब वह गांव में लोगों से मामले के बारे में पूछताछ कर रहा था, तब ग्रामीणों को उस पर संदेह हुआ। उन्होंने उसकी पहचान पर सवाल उठाए और जब उसके जवाब असंतोषजनक

## राष्ट्रीय शिक्षा सारथी सम्मान - 2025 हेतु शिक्षक-सूची जारी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### शैक्षिक संवाद मंच द्वारा लखनऊ में होगा सम्मान समारोह

**बांदा।** बेसिक शिक्षकों के स्वप्रेरित मैत्री समूह शैक्षिक संवाद मंच उ.प्र. ने शिक्षाविद् गिजुभाई बधेका की जन्म जयंती के अवसर पर 16 नवम्बर रविवार को लखनऊ में शैक्षिक संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया है। समारोह में चयनित नवाचारी शिक्षक-शिक्षिकाओं को राष्ट्रीय शिक्षा सारथी सम्मान-2025 प्रदान किया जाएगा। इस अवसर गिजुभाई बधेका की पुस्तक 'दिवास्वप्न' पर आधारित लेख संग्रह तथा कविता पुस्तक 'फूले हैं पलाश' का विमोचन भी किया जाएगा।



उक्त जानकारी देते हुए शैक्षिक संवाद मंच के संयोजक दुर्गेश्वर राय ने बताया कि 'विद्यालय बनें आनंदघर' का ध्येय ले शैक्षिक संवाद मंच की स्थापना काल 18 नवम्बर, 2012 को हुई थी। मंच द्वारा शिक्षकों की क्षमता वृद्धि, लेखन कौशल विकास, साझा संग्रह प्रकाशन तथा पढ़ने-लिखने की संस्कृति के पोषण हेतु गोष्ठियां, कार्यशालाएं एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाते हैं और विद्यालयों को आनंदघर के रूप में बदलाव करने वाले शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया जाता है।

राष्ट्रीय शिक्षा सारथी सम्मान -2025 हेतु शैक्षिक संवाद मंच के अध्यक्ष विनीत कुमार मिश्रा द्वारा चयनित नवाचारी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की पहली सूची जारी की गई है जिसममें प्रीति भारती, रेखा कुशवाहा (उन्नाव), आशीष कुमार त्रिपाठी (फतेहपुर), सुनीता वर्मा, कनक, अमिता सचान (लखनऊ), प्रतीक्षा त्रिपाठी, गुंजन पोरवाल, विकास त्रिपाठी, डॉ. त्रिलोकचंद, वैशाली मिश्रा, प्रियंका शर्मा, रीता सिंह (कानपुर देहात), रामकिशोर पांडेय, पवन कुमार तिवारी, मीरा रविकुल, सविता देवी, इंसाफ अली, चंद्रशेखर सेन (बांदा), डॉ. सुनील कुमार तिवारी, वत्सला, रेनू वर्मा (कानपुर), मीरा कुमारी, अनीता यादव, मीनाक्षी सिंह (मऊ), डॉ. अरविंद कुमार द्विवेदी, डॉ. श्रवण कुमार गुप्त, विन्ध्येश्वरी प्रसाद 'विंध्य' (वाराणसी), फरहत माबूद (प्रयागराज), अमिता शुक्ला (शाहजहांपुर), गुंजन भदौरिया, दीपा त्रिपाठी (कन्नौज), आलोक सिंह (सुल्तानपुर), प्रतीक गुप्ता (बहराइच), ऋतु श्रीवास्तव, रुचिता पांडेय (हापुड़), अनीता मिश्रा (बलरामपुर), डॉ. सुरेन्द्र कुमार आर्यन (देहरादून), चंद्रशेखर मित्र, सुरेश कुमार अकेला (प्रतापगढ़), मिथुन भारती, प्रियंका त्रिपाठी (हमीरपुर), विजय शंकर यादव (अम्बेडकरनगर), दाऊदयाल वर्मा (इटावा), राजश्री यादव (आगरा) तथा नंदकिशोर अहिरवार (महोबा) के नाम शामिल हैं, जिन्होंने अपने विद्यालयों को आनंदघर बनाने के लिए यथासंभव प्रयत्न किए हैं।

## संपति विवाद में बेटे ने की पिता की हत्या

**हुगली,एजेंसी।** हुगली जिले के पांडुआ में घर नाम न करने से नाराज बेटे ने अपने 64 वर्षीय बुजुर्ग पिता की हत्या कर दी। आरोप है कि उसने गुस्से में गैस सिलेंडर से पिता के सिर पर हमला किया। पुलिस ने आरोपित बेटे को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक का नाम शेख बसीर (64) बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, बड़े बेटे की मौत के बाद शेख बसीर अपनी पत्नी, बहू और पोते-पोतियों के साथ पांडुआ के घर में रहते थे। उनका छोटा बेटा शेख मोहसिन काम के सिलसिले में दूसरे राज्य में रहता था। गुरुवार को वह घर लौटा। असम के शोणितपुर जिले में शुक्रवार दोपहर बाद मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये।

मिली जानकारी के अनुसार असम के शोणितपुर जिले में 03 बजकर 38 मिनट 35 सेकेंड पर भूकंप का झटका महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.5 दर्ज की गई। भूकंप के चलते कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

शाम को शराब पीकर लौटने के बाद मोहसिन ने अपने पिता से संपत्ति अपने नाम करने की मांग की। पिता ने जब ऐसा करने से मना किया, तो मोहसिन आपा खो बैठा। आरोप है कि उसने घर के अंदर रखे पांच लीटर के गैस सिलेंडर से अपने पिता के सिर पर जोरदार हमला किया। शेख बसीर मौके पर ही गिर पड़े और उनके कान और नाक से खून बहने लगा। परिवार के लोग उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपित बेटे शेख मोहसिन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, पिता-पुत्र के बीच संपत्ति को लेकर झगड़ा हुआ था, जो हिंसक रूप ले लिया। मामले की जांच जारी है और परिवार के अन्य सदस्यों से पूछताछ की जा रही है।

# पति की लंबी आयु के लिए सुहागिन महिलाओं ने रखा करवा चौथ का व्रत

**बेगूसराय राष्ट्र संवाद ब्यूरो**

अखंड सौभाग्य का प्रतीक एवं सुहागिनों का प्रमुख त्योहार करवा चौथ आज पूरे उल्लास एवं पारंपरिक तरीके से मनाया गया। सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु एवं अच्छी स्वास्थ्य की कामना की पूरे दिन निर्जल रहकर महिलाएं सोलह श्रृंगार कर शाम को पूजा के बाद चंद्रमा के दर्शन करके चौथ माता की कथा सुनकर व्रत खोला।

**सोलह श्रृंगार के बाद चांद की होती है पूजा :**

करवा चौथ के मौके पर महिलाओं ने शुक्रवार को सामूहिक रूप से करवाचौथ की कथा सुनी।करवा माता की कथा सुनने के बाद भगवान शिव-पार्वती, करवा माता, गणेश और चंद्रमा की पूजा की। इस दौरान महिलाओं ने सोलह श्रृंगार किया था। महिलाओं ने करवा माता से अखंड सौभाग्य का वर मांगा।

**करवा चौथ पौराणिक कथा**

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार पतिव्रता सती सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से बचाए थे। वहीं, एक अन्य पौराणिक कथा के अनुसार करवा नाम की एक पतिव्रता स्त्री ने अपनी सतित्व के बल पर अपने पति की जान बचाई थी। करवा ने मगरमच्छ को सूती साड़ी के धागे से अपने तप के माध्यम से बांध दिया था और अपने पति की जान बचाई थी।



## स्कूली बच्चों के बीच चलाया गया अंधविश्वास भगाओ, देश बचाओ जागरूकता अभियान

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**खोदावंदपुर,बेगूसराय।** खोदावंदपुर पंचायत के उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुसहरी में शुक्रवार को स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच अंधविश्वास भगाओ, देश बचाओं जागरूकता अभियान चलाया गया. इस मौके पर अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य भंते बुद्ध प्रकाश ने अपने हाथ का करतब दिखाकर बताया कि डायन जोगीन और भुत प्रेत कुछ नहीं होता. यह केवल अंधविश्वास है. उन्होनें कहा कि आज वैज्ञानिक युग में भी अशिक्षित लोग तंत्र मंत्र व डायन



ओझा के चक्कर में फंस जाते हैं. ओझा तंत्र मंत्र का झांसा देकर लोगों को उल्लू बनाते हैं और उनका आर्थिक दोहन करते हैं. इसलिए हमें ओझा गुणी के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिये. उन्होंने बताया कि मृत्यु भोज के नाम पर कर्ज लेकर भी लोग अपनी गाढ़ी कमाई खर्च कर देते हैं, फिर जीवन भर पछताते हैं. इसलिए मृत्यु भोज करना भी एक अपराध ही है. वहीं कुशवाहा समाज के उपसभापति व सेवानिवृत शिक्षक राजेंद्र महतो, प्रधानाध्यापक विपिन कुमार राम, आइसा नेता असीम आनंद समेत अन्य ने अंधविश्वास भगाओ देश बचाओ अभियान के बारे में विस्तार से चर्चा की.

## मेघौल गांव में पानी भरे गड्ढे में डूब जाने से बालक की हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**खोदावंदपुर,बेगूसराय।** पानी भरे गड्ढे में डूब जाने से एक बालक की मौत हो गयी. यह घटना शुक्रवार को मेघौल गांव में घटी. मृतक बालक की पहचान मेघौल पंचायत के वार्ड नंबर 11 निवासी राम सेवक सहनी के 7 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार के रूप में की गयी. बालक की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मच गया. परिजनों ने बताया कि रितेश मानसिक रूप से अर्द्ध विक्षिप्त था. वह खेलने के लिए घर से निकला था. खेलने के क्रम में वह घर के बगल में पानी से भरे गड्ढे में गिर गया, जिसे कोई



नहीं देखा. बहुत देर तक घर नहीं लौटने पर जब उसकी खोजबीन की गयी तो उसकी शव पानी से भरे गड्ढे में मिली.

रितेश अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था. रितेश की मौत पर उसकी मां मनीषा कुमारी, पिता राम सेवक सहनी एवं दोनों भाइयों का रो-रोकर बुरा हाल है.

इसकी जानकारी मेघौल पंचायत के मुखिया पुरुषोत्तम सिंह ने दी है.

## महां गठबंधन के संभावित प्रत्याशी सह पूर्व विधायक अमिता भुषण ने की बीरपुर में पद यात्रा,मिली आशीरवाद

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**बीरपुर /बेगूसराय** महां गठबंधन के समर्थित कांग्रेस की सम्भावित प्रत्याशी सह पूर्व विधायक अमिता भूषण जनसंपर्क सह पद यात्रा के दौरान मतदाताओं से संपर्क कर आशीरवाद लेने में अन्य प्रत्याशियों से आगे निकलती दिख रही है! श्रीमती भूषण ने पिछले 20 दिनों पहले से ही पदयात्रा के माध्यम से लोगों से जुड़ाव का सिलसिला शुरू कर दिया है! इस दौरान अपने बेगूसराय विधायक सभा क्षेत्र की ज्यादातर पंचायतों में उनकी पदयात्रा पूरी भी हो चुकी है! आज



इसी सिलसिले में श्रीमती भूषण वीरपुर प्रखंड क्षेत्र के भवानंदपुर पंचायत में लोगों से आशीर्वाद लिया । भवानंदपुर पंचायत के पानापुर, पबड़ा ढाब, आदि गांवों में आज जनसंपर्क किया जिसमें कांग्रेस के दर्जनों कार्यकताओं के साथ साथ महागठबंधन घटक दल के सैकड़ों कार्यकर्ता साथ में घुम रहे थे !

इस दौरान लोगों ने पूर्व विधायक को स्थानीय समस्याओं से अवगत भी कराया! मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष धर्म राज सहनी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष संजीव सिंह, पंचायत अध्यक्ष अनिल पासवान, लालो पासवान , मोहम्मद कलिम, नौला अध्यक्ष शंभू साह , पूर्व मुखिया मोहम्मद मेराज अंसारी, नागो , सुरेंद्र , राममूर्ति सिंह, चंदन कुशवाहा, सत्यम कुशवाहा, पूर्व जिला पार्षद सह सीपीआई के अंचल मंत्री सुरेश पासवान , संतोष पासवान,चंद्रचूड पासवान मुकेश चौधरी, अंकित पासवान, राजद के डॉ सूरज यादव. तारकेश्वर सदा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे !

## बिहार के मुजफ्फरपुर में दो वाहनों की भिड़ंत में चार लोगों की मौत

**पटना,** । बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर थानाक्षेत्र के खेमाईपट्टी गांव में ट्रैक्टर और पिकअप की भिड़ंत में चार की मौत हो गई है, जबकि दो लोगों गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार देर शाम मुजफ्फरपुर के मीनापुर में समस्तीपुर जिले के सीयूरी स्थान से मेला देखकर 20 से 25 की संख्या में लोग पिकअप वाहन से घर लौट रहे थे। लौटने के क्रम में मीनापुर के खेमाईपट्टी और दरही पट्टी के बीच पिकअप-ट्रैक्टर की सीधी टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में अभी तक चार लोगों की मौत हो चुकी है।मृतकों के आश्रितों ने बताया कि सभी मृतक पिकअप के डाला में बैठकर समस्तीपुर के सीयूरी मेला देखने गए थे। अधिकांश लोग मीनापुर थाना क्षेत्र के ही अलग-अलग गांव के थे। मेला देखकर लौटने के क्रम में पिकअप और ट्रैक्टर की टक्कर हुई है। मृतकों में मीनापुर के पूरनिया निवासी तीन लोग हैं, जबकि चौथा दूसरे गांव का है।स्थानीय थाना के 112 पर तैनात एएसआई जितेंद्र कुमार ने बताया कि गस्ती के क्रम में उन लोगों ने देखा कि एक पीकअप और ट्रैक्टर में टक्कर हो चुकी है। कुछ को लोकल गाड़ी से और शेष को पुलिस गाड़ी से एसकेएमसीएच लाया गया। घटना में तीन वयस्क और एक बच्ची की मौत हो गई है, जबकि दो महिलाएं गंभीड़ रूप से घायल हैं।

## मुकदमा नही समाधान चुनें: जज

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**भगवानपुर/बेगूसराय** जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय के द्वारा शुक्रवार को आरबीएस कॉलेज तेयाय में राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के अन्तर्गत छात्रों को कानून की कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। व्यवहार न्यायालय के जज करूणानिधि प्रसाद आर्या ने कहा कि छात्रों और नौजवानों को उनके अधिकार और कर्त्तव्य को जानना जरूरी है। उन्होनें कहा कि न्यायालयों में बढ़ते मुकदमों का बोझ को देखते हुए न्यायिक व्यवस्था ने दो पक्षों के बीच उत्पन्न विवाद को सुलझाने के लिए मध्यस्था करने की जरूरत समझी। जिला जज ने कहा कि लोगों को मुकदमा नही, समाधान चुनना चाहिए। समाज में शांति और



न्याय के लिए यह सबसे सुगम और सस्ता रास्ता है। जज ने बताया कि कई ऐसे वाद हैं जो आसानी से मध्यस्थता के सहारे हल किए जा सकते हैं। लेकिन मुकदमों के द्वारा उसे वर्षों वर्षों खींचा जाता है।

मौके पर अधिवक्ता सुधा कुमारी ने कहा कि वर्षों से लंबित जमीनी मामले को भी मध्यस्थता के सहारे आसानी से हल किए जा सकते हैं। इसकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि इसके विरूद्ध कोई अपील में नहीं जा सकता है।

एनएसएस और एनसीसी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम का संचालन प्रो प्रदीप कुमार ने किया जबकि प्रो शैलेन्द्र कुमार, ने आए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ गाजी सलाउददीन ने किया। मौके पर डॉ पूनम सिन्हा, डॉ सुनील कुमार सिंह, प्रो फूलन कुमार सिंह, अशोक कुमार सहित दर्जनों छात्र मौजूद थे।

## इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की बैठक में धमकी देने वालों पर कार्रवाई की मांग, चिकित्सक पर लापरवाही के कारण मौत का आरोप

**नवादा,** । इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की नवादा शाखा की बैठक शुक्रवार को आईएमए हॉल में डॉ नरेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार की शाम संपन्न हुई ।

जिसमें सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर अकबरपुर थाने के जलालपुर गांव के टुनटुन यादव द्वारा अपनी मां की मौत के लिए डॉक्टर पीएस चौधरी को जिम्मेदार बताते हुए बुरे अंजाम की धमकी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई गई।

जलालपुर गांव के टुनटुन यादव ने अपने मां का ऑपरेशन डॉक्टर पी एस चौधरी के क्लीनिक में आयुष्मान भारत योजना के कार्ड पर कराया था ।उनका आरोप है कि दलालों के चक्कर में वे उस अस्पताल में चले गए । जहां चिकित्सकों की लापरवाही के कारण उनकी मां की मौत हो गई । उन्होंने कहा कि अगर चिकित्सक सही देख रहे करते तो शायद उनकी मां की मौत नहीं होती ।

टुनटुन यादव ने चिकित्सक को भला बुरा कहते हुए इस नर्सिंग होम में रोगियों को नहीं जाने का भी प्रचार किया गया । जिसे गैर कानूनी मानते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के चिकित्सकों ने बैठक कर जिला प्रशासन से अफवाह फैलाने वाले टुनटुन यादव के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई। चिकित्सकों का कहना है कि संभव है डॉक्टर पीएस चौधरी के विरोध कुछ अनहोनी की घटना भी घट जाए । अगर कार्रवाई नहीं की गई तो इसके लिए जिला प्रशासन जिम्मेदार होगा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सचिव डॉक्टर शम्बूक ने कहा कि जिलाधिकारी को लिखित आवेदन दे दिया गया है । अगर कार्रवाई नहीं होगी तो चिकित्सक आम हड़ताल पर ही विचार कर सकते हैं। चिकित्सकों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर गलत दबाव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर महेश कुमार ने कहा कि वह चिकित्सकों के मांगों का समर्थन करते हैं ।

उन्होंने चिकित्सकों की सुरक्षा की भी मांग की है। इस अवसर पर डॉक्टर कुणाल कुमार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मंगलम, डॉक्टर प्रहलाद कुमार आदि उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### विद्युत ग्रिड में घायल मजदूर का इलाज के दौरान मौत



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**बीहट/ बेगूसराय** बरौनी प्रखंड अंतर्गत नींगा गांव निवासी मो शकूर का पुत्र मो शाहबुद्दीन का इलाज के दौरान लाईफ लाइन होस्पीटल बरौनी में मौत हो गया। मिली जानकारी के अनुसार छः अक्टूबर को मो शाहबुद्दीन व अन्य 4-5 मजदूर काम कर रहा था उसी क्रम में बिजली की शॉट सर्किट होने के कारण आग का गोला मृतक मो शाहबुद्दीन के शरीर में लग जाने से बुरी तरह जख्मी हो गया जिसे विभाग के लोग व मजदूरों के मदद से इलाज के लिए लाईफ लाइन अस्पताल बरौनी मैं भर्ती कराया गया।जहां उनका इलाज चल रहा था परन्तु दुर्भाग्यवश शुक्रवार को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक मो शाहबुद्दीन पिता मो शकूर अपने परिवार में इकलौता कमाने वाला व्यक्ति था ।जिस पर पुरा परिवार निर्भर करता था।उक्त घटना से पूरा परिवार व पंचायत शोक में व्याप्त है।बरौनी थाना कागजी कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया । मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सह जेडीयू नेता अफाक अख्तर उर्फ हुकूमत ने बताया कि मृतक एक गरीब परिवार का सदस्य था।वहीं पंचायत समिति सदस्य सह जन सुराज पार्टी जिला प्रवक्ता मो तौकीर आलम अधिवक्ता,विभाग के आला अधिकारी वो अन्य सामाजिक लोग मौजूद थे।

### वाहन चेकिंग के दौरान देशी कट्टा, कारतूस व खोखा के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**भगवानपुर/ बेगूसराय** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र के मखवा बांध के पास पुलिस द्वारा चलाये जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दो व्यक्ति को एक देशी कट्टा, एक कारतूस तथा एक खोखा के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति सवार होकर मखवा गांव से बदिया गांव की ओर जा रहा था ।जब वाहन चेकिंग कर रहे पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल को रोकवाया गया तब वह भागने का प्रयत्न करने लगा ।तब पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया ।जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के मखवा वार्ड संख्या 7 निवासी यदुनंदन महतो का 25 वर्षीय पुत्र मनोहर कुमार व वार्ड संख्या 8 मंगल महतो का 20 वर्षीय पुत्र नितिश कुमार के रूप में हुई । पुलिस मोटरसाइकिल जप्त कर लिया है।दोनों को गिरफ्तार कर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। उक्त वाहन चेकिंग अभियान एएसआई अकरम खान सहित अन्य पुलिस बल द्वारा चलाया जा रहा था।

### लालू प्रसाद यादव ही करेंगे राजद में सीटों और उम्मीदवारों का चयन

**पटना,** । बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए राजद में सीटों और उम्मीदवारों का चयन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ही करेंगे। यह निर्णय शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल के केंद्रीय संसदीय दल की बैठक मे लिया गया।

शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के पटना स्थित सरकारी आवास पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की अध्यक्षता में आयोजित राजद की राज्य और केंद्रीय संसदीय दल की बैठकों में यह निर्णय लिया गया।

बैठक के पहले चरण में राज्य संसदीय दल की बैठक हुई, जिसमें तेजस्वी यादव ने भाग लिया। इसके बाद केंद्रीय संसदीय दल की बैठक हुई, जिसमें लालू यादव भी मौजूद रहे। राज्य संसदीय दल ने लालू यादव को सीट और उम्मीदवार तय करने के लिए अधिकृत करने का प्रस्ताव पारित किया।

इस प्रस्ताव को बाद में केंद्रीय संसदीय दल ने भी मंजूरी दे दी।

इस दौरान लालू प्रसाद यादव ने कार्यकताओं से कहा कि इस बार बिहार में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में सरकार बनानी है। संसदीय दल के सभी सदस्यों ने इस लक्ष्य को लेकर संकल्प भी पारित किया।

### माफियामुक्ति और शुद्ध के लिए युद्ध अभियान चलाएगी कांग्रेस: डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह

**पटना,** । बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में राज्यसभा सांसद और कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।

राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि पूरे बिहार में माफियाओं का कब्जा है और मिलावट खोरी अपने चरम पर है। भाजपा जदयू राज में समूचा बिहार 20 सालों से माफि याओं की गिरफ़्त में है चारों ओर से बिहार को लूटा गया है कांग्रेस पार्टी ने 12 मफि या चिन्हित किए है । सरकार में आते मफि या मुक्त बिहार होगा और शुद्ध के लिए युद्ध होगा । चप्पे चप्पे पर जाएँगे सारे माफि या मारे जाएँगे ।

संवाददाता सम्मेलन का संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने किया। संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष कौकब कादरी, कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता , मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, सौरभ सिन्हा,ज्ञान रंजन मौजूद थे।

## कार्तिक माह में गंगा स्नान करने से उनके सारे मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं:स्वामी चिदात्मन जी

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**बीहट /बेगूसराय** संसार एक कर्म क्षेत्र है यहां पर जो जैसा करेगा उनको वैसा पाना ही पड़ेगा।अपने किए हुए कर्म और कुकर्म का फल एक न एक दिन भुगतना ही पड़ता है । जितने प्रकार के दान,तप, यज्ञ कहे गए हैं इस कार्तिक मास में कल्पवास और गंगा स्नान करने से जो फल प्राप्त होता है उससे बड़ा फल किसी भी कर्म और धर्म करने से नहीं होता



है जो कोई भी प्राणी इस पुनीत कार्तिक महीना में गंगा स्नान करते हैं और नित्य तुलसी में जल देते हैं दीपदान करते हैं वो मनुष्य जीवन में सदा सदा के लिए मुक्त हो जाते हैं।इस पुनीत माह में कम से कम तीन रात भी यहां कल्पवास कर लेते हैं उनके सारे मनोरथ सिद्ध होते हैं।जो कोई भी इस पुनीत महीना में एकादशी व्रत में तप करते हैं जो यह कठिन तपस्या करते हैं उनके 11 वें इंद्रियां भी जागृत हो जाती है । यह व्रत करने से चारों पदार्थ की प्राप्ति होती है। यही मिथिला की संस्कृति है। भागवत में कहा गया है जो प्राणी इस पुनीत महीना में कल्पवास करते हुए गंगा स्नान करते हुए भागवत कथा का श्रवण करते हैं उनके जन्म-जन्मांतर के पुण्य फलीभूत होते हैं । संसार में चार युग होता है। सतयुग, द्वापर, त्रेता, और कलयुग कलयुग केवल एक चरण का होता है इस युग में चार आना ही मनुष्य पुण्य कर पता है। इसलिए हम लोग बड़े भाग्यशाली हैं जो इस कार्तिक के पुनीत महीना में सिमरिया धाम कार्तिक महात्म और भागवत कथा का श्रवण करने के लिए आए हुए हैं।

## नामांकन के पहले दिन ही पसरा सन्नाटा, तेघड़ा , बछवाड़ा विधानसभा से एक भी प्रत्याशी पर्चा भरने नहीं पहुंचे

**बेगूसराय /राष्ट्र संवाद ब्यूरो**

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर 10 अक्टूबर शुक्रवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। तेघड़ा अनुमंडल कार्यालय के नामांकन केंद्र पर पहले दिन ही सन्नाटा पसरा रहा।तमाम व्यवस्थाओं के बीच अधिकारी तो मौजूद थे लेकिन एक भी प्रत्याशी नामांकन करने नहीं पहुंचे।

तेघड़ा अनुमंडल अंतर्गत दो विधानसभा तेघड़ा एवं बछवाड़ा विधानसभा सीटों पर अनुमंडल



पदाधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में नामांकन केंद्रों की तैयारी पूरी कर ली, लेकिन एक भी उम्मीदवार नामांकन करने नहीं पहुंचे।

अनुमंडल कार्यालय में नामांकन की सारी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त अधिकारी कागज लेकर तैयार हैं

**इस वजह से नहीं पहुंचे उम्मीदवार**

उम्मीदवारों की तरफ से नामांकन नहीं किये जाने की वजह यह बताई जा रही है कि ना तो महागठबंधन ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है और ना ही एनडीए ने सीटों का क्लीयरेंस किया है। लेकिन, कई प्रत्याशियों के नाम की खूब चर्चा हो रही है।दरअसल, चाय की दुकानों से लेकर नामांकन कार्यालय तक हर जगह एक ही चर्चा है ह्यकिसका टिकट कटेगा, किसका बचेगा।

**17 अक्टूबर तक प्रत्याशी कर सकते हैं नामांकन**

अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि आज 10 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक नामांकन की प्रक्रिया होगी. 18 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 20 अक्टूबर तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। 6 नवंबर को पहले चरण की वोटिंग होगी

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

# आखिर क्यों भारत के खिलाफ दिल्ली टेस्ट में काली पट्टी बांधकर उतरे वेस्टइंडीज के खिलाड़ी?




**नई दिल्ली ।** भारत के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में जारी दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज के खिलाड़ी अपनी बांह पर काली पट्टी बांधकर उतरे हैं। खिलाड़ियों ने पूर्व ऑलराउंडर बर्नार्ड जूलियन को श्रद्धांजलि देने के लिए ऐसा किया है। साल 1975 में विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे जूलियन 4 अक्टूबर को दुनिया छोड़ गए। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, वेस्टइंडीज के खिलाड़ी भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन पूर्व खिलाड़ी बर्नार्ड जूलियन के सम्मान में बांह पर काली पट्टियां बांध रहे हैं। बर्नार्ड का पिछले सप्ताह निधन हो गया था। ऑलराउंडर जूलियन 1975 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य थे। 1970 के दशक में वेस्टइंडीज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जूलियन ने 24 टेस्ट मुकाबलों में 866 रन बनाने के साथ 50 विकेट अपने नाम किए थे। उन्होंने 12 वनडे मुकाबलों में 86 रन बनाए और 18 विकेट लिए।

विश्व कप 1975 में बर्नार्ड जूलियन ने 5 मुकाबलों में 17.70 की औसत के साथ 10 विकेट हासिल किए थे। उन्होंने श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबलों में 4-4 विकेट हासिल किए। बतौर ऑलराउंडर क्रिकेट जगत में अपनी गहरी छाप छोड़ने वाले जूलियन ने साल 1973 में इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर 121 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी। उल्लेखनीय है कि वेस्टइंडीज की टीम ने साल 1987 में अंतिम बार दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में भारत के विरुद्ध टेस्ट मैच जीता था। भारत के खिलाफ अहमदाबाद में खेले गए पहले टेस्ट को पारी और 140 रन से गंवा चुकी वेस्टइंडीज इस मुकाबले में हर हाल में जीत दर्ज करना चाहेगी। अगर यह मैच ड्रॉ भी रहा, तो सीरीज भारत के नाम होगी। हालांकि, पिछले मुकाबले में मेहमान टीम के निराशाजनक प्रदर्शन को देखते हुए इस मुकाबले में भी मेजबान टीम का पलड़ा भारी नजर आ रहा है। टीम इंडिया इस मुकाबले में बिना किसी बदलाव के उतरी है। जबकि वेस्टइंडीज की टीम ने दो बदलाव किए हैं। ब्रैंडन किंग और जोहान लेने इस मैच से बाहर हैं। उनके स्थान पर एंडरसन फिलिप और तेविन इमलाच को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया है।



## फीफा 2026 विश्व कप क्वालीफायर-स्कॉटलैंड, नीदरलैंड्स और डेनमार्क का शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली ।** फीफा 2026 विश्व कप क्वालीफायर में स्कॉटलैंड ने ग्रीस पर 3-1 से शानदार जीत दर्ज करते हुए अपनी संभावनाओं को मजबूत किया है। वहीं, नीदरलैंड्स, डेनमार्क और ऑस्ट्रिया ने अपने प्रदर्शन से फैंस को प्रभावित किया। ग्रुप-सी के मुकाबले में हैम्पडेन पार्क में अपने पिछले दौरे में 3-0 से जीत हासिल करने वाली ग्रीस की टीम ने इस मैच में भी शानदार शुरुआत की। कोस्टास सिमिकास ने 62वें मिनट में गोल करते हुए ग्रीस को 1-0 से बढ़त दिलाई। हालांकि, ग्रीस की खुशी ज्यादा देर तक नहीं टिक पाई। स्कॉटलैंड की ओर से रयान क्रिस्टी ने दो मिनट बाद (64वें मिनट) ही नजदीकी रेंज से गोल दागा। लुईस फर्ग्यूसन ने 80वें मिनट में गोल करते हुए स्कॉटलैंड को 2-1 से बढ़त दिला दी।

ग्रुप-सी के एक अन्य मैच में रासमस होजलुंड ने दो गोल दागकर डेनमार्क को हंगरी के खिलाफ 6-0 से जीत दिलाई। इसी के साथ जर्मनी ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि स्कॉटलैंड, ग्रीस और बेलारूस क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे पायदान पर मौजूद हैं।

ग्रुप-जी में नीदरलैंड्स ने माल्टा को 4-0 से हराया। इस मुकाबले में कोडी गाकपो ने 12वें और 48वें मिनट में गोल दागे। विपक्षी टीम एक अदद गोल के लिए तरसती रह गई। नीदरलैंड की टीम इस ग्रुप में शीर्ष पर है। ग्रुप-एच में ऑस्ट्रिया ने सैन मैरिनो पर 10-0 से बड़ी जीत दर्ज की। इस मुकाबले में मार्को अर्नोटोविक ने चार (8वें मिनट, 47वें मिनट, 83वें और 84वें मिनट) गोल दागे। इसी के साथ मार्को अर्नोटोविक ऑस्ट्रिया के सर्वकालिक रिकॉर्ड स्कोरर बन गए हैं। मार्को ने इस देश के लिए 45 गोल दागे हैं। वह टोनी पोलस्टर से एक कदम आगे हैं। ग्रुप-एच में ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर मौजूद है, जबकि सैन मैरिनो पांचवें पायदान पर है। इस ग्रुप में बोस्निया एंड हर्जेगोविना दूसरे, रोमानिया तीसरे और साइप्रस चौथे स्थान पर मौजूद हैं।

## दूसरे टेस्ट से पहले विवियन रिचर्ड्स और ब्रायन लारा की टीम को सलाह



**नई दिल्ली ।** भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट से पहले दिग्गज पूर्व क्रिकेटर विवियन रिचर्ड्स और ब्रायन लारा ने रोस्टन चेस की टीम को यही सलाह दी है कि वेस्टइंडीज क्रिकेट का ग्राफ भले ही नीचे को जा रहा हो लेकिन यहां से ऊपर उठने का जरिया सिर्फ आत्मविश्वास और सही रवैया है। वेस्टइंडीज के तीन पूर्व कप्तान रिचर्ड्स, लारा और रिची रिचर्डसन दिल्ली में हैं और बुधवार को एक प्रचार कार्यक्रम के दौरान टीम से मिले।

चेस ने मैच से एक दिन पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'कल हमारा एक टीम कार्यक्रम था और मैने तीनों (रिचर्ड्स, लारा और रिचर्डसन) से बात की। उन्होंने हमें कहा कि खुद पर भरोसा बनाये रखो। स्थिति अभी खराब है लेकिन यह बदलेगी। तीनों ने टीम से सकारात्मक क्रिकेट खेलने का आग्रह किया। चेस ने कहा, 'बदलाव की शुरूआत अभी होगी और यह आत्मविश्वास और हर खिलाड़ी की सोच से होगी।

# महिला विश्व कप : स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास, वनडे में एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज बनीं



**विशाखापत्तनम, ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने विशाखापत्तनम में शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में इतिहास रच दिया। मंधाना एक कैलेंडर वर्ष में वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज बन गई हैं। मंधाना ने 26 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मंधाना ने 33 गेंदों पर 23 रन बनाए। इस दौरान 11वां रन बनाते ही वह एक कैलेंडर वर्ष में वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज बन गईं। मंधाना ने इस साल 17 वनडे मैचों की 17 पारियों में 4 शतक और 3 अर्धशतक लगाते हुए 982 रन बनाए हैं। पूर्व का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलियाई ब्लेंडा क्लार्क के नाम था। क्लार्क ने 1997 में 970 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोल्वार्ड्ट 2022 में 882 रन बनाकर इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

मंधाना के पास एक कैलेंडर वर्ष में 1000 या उससे अधिक रन बनाने का मौका है, और ये उपलब्धि वो इसी विश्व कप में हासिल कर सकती हैं। हालांकि मंधाना का फॉर्म भारतीय टीम के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुई वनडे सीरीज में वह प्रचंड फॉर्म में थी और कई शतकीय पारियां खेली थी, लेकिन विश्व कप में उनका बल्ला अब तक खामोश रहा है। इस मैच में जब वह 23 रन पर खेल रही थी, तो ऐसा लग रहा था कि वह बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रही हैं। लेकिन, उनका खराब फॉर्म जारी रहा और अच्छी शुरुआत के बाद एक बार फिर वह बड़ा स्कोर बनाने में कामयाब नहीं हो सकीं। मंधाना विश्व कप के तीन मैचों में 8, 23, और 23 रन बना सकीं। उनकी असफलता भारतीय टीम की बल्लेबाजी कमजोर कर रही है और परेशानी बढ़ा रही है। टूर्नामेंट में अगर भारतीय टीम को अच्छा करना है, तो मंधाना को फॉर्म में वापस लौटना होगा।

# महिला विश्व कप - ऋचा घोष पर भारी पड़ी नादिन डी क्लर्क की पारी, दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 3 विकेट से हराया

विशाखापत्तनम, ।महिला विश्व कप 2025 के बेहद अहम मुकाबले में भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा।भारतीय टीम द्वारा दिए 252 रन के लक्ष्य को दक्षिण अफ्रीका ने 48.5 ओवर में 7 विकेट खोकर हासिल कर लिया।252 का लक्ष्य हासिल करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान लौरा वोल्वार्ट के 111 गेंद पर 70, नादिन डी क्लर्क के 54 गेंद पर नाबाद 84, और क्लो ट्रायोन के 66 गेंद पर 49 रन की पारी की मदद से 48.5 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 252 रन बनाकर मैच जीत लिया। दक्षिण अफ्रीका एक समय 142 पर 6 विकेट गंवाकर मुश्किल में थी।इस समय मैच भारत की तरफ मुड़ता हुआ दिख रहा था।लेकिन ट्रायोन और क्लर्क ने सातवें विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी कर भारतीय टीम की जीत के मंसूबे पर पानी फेर दिया।क्लार्क ने 54 गेंद पर खेली 84 रन की नाबाद पारी में 5 छक्के और 8 चौके लगाए।




इससे पहले एसीए–वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 251 रन बनाए थे।भारतीय टीम को प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना ने गंभीर शुरुआत दी।दोनों ने पहले विकेट के लिए 10.2 ओवर में 55 रन जोड़े। मंधाना 23 रन बनाकर आउट हुईं।प्रतिका भी 37 रन बनाकर आउट हुईं।इन दोनों के अलावा टॉप ऑर्डर के सभी बल्लेबाज फ्लॉप रहे।हरलीन देओल 13, कप्तान हरमनप्रीत कौर 9, और जेमिमा रोड्रिग्स 0 पर आउट हुईं।दीप्ति शर्मा 4 और अमनजोत कौर 13 रन बनाकर आउट हुईं।भारतीय टीम 40 ओवर में 153 रन पर 7 विकेट गंवाकर मुश्किल में थी।आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आई विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने टीम को संभाला।घोष ने अपने वनडे करियर का सातवां अर्धशतक लगाया।घोष 77 गेंद पर 11 चौके और 4 छक्के की मदद से 94 रन की पारी खेलकर आखिरी ओवर में आउट हुईं।वह नौंवे विकेट के रूप में आउट हुईं।घोष ने स्नेहर राणा के साथ आठवें विकेट के लिए 53 गेंद पर 88 रन की तेज और अहम साझेदारी की।राणा 24 गेंद पर 6 चौके की मदद से 33 रन की अहम पारी खेल कर आउट हुईं।भारतीय टीम 49.5 ओवर में 251 रन पर सिमट गई थी।भारतीय टीम की तीसरे मैच में यह पहली हार है।हार के साथ भारतीय टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर चली गई है।पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया, दूसरे स्थान पर इंग्लैंड और चौथे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका है।

## 12 नवंबर को होगा मुंबई क्रिकेट संघ के चुनाव

मुंबई ।मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने गुरुवार को चुनाव तारीखों की घोषणा की।घोषणा के मुताबिक 12 नवंबर को पदाधिकारियों, शीर्ष परिषद के सदस्यों और टी20 मुंबई लीग गवर्निंग काउंसिल के सदस्यों के चुनाव आयोजित किए जाएंगे।एमसीए के एक अधिकारी ने आईएएनएस को बताया, चुनाव पहले 23 अक्टूबर को होने थे, लेकिन त्योहारों के मौसम के कारण, यह निर्णय लिया गया कि हम चुनाव 12 नवंबर को कराएंगे ताकि किसी के उत्सव में खलल न पड़े।शीर्ष परिषद ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्य सचिव और पूर्व राज्य चुनाव आयुक्त जे.एस. सहारिया को लगातार दूसरे वर्ष चुनावों की निगरानी के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। पिछले साल जुलाई में, संघ ने निवर्तमान सचिव अजिंक्य नाइक को अध्यक्ष नियुक्त किया था।वह इस पद पर आसीन होने वाले अब तक के सबसे कम उम्र के व्यक्ति थे।उन्होंने दिवंगत अमोल काले का स्थान लिया था।नाइक ने मुंबई भाजपा प्रमुख और बीसीसीआई कोषाध्यक्ष रहे आशीष शेलार द्वारा समर्थित उम्मीदवार संजय नाइक को 107 मतों से हराया था।अजिंक्य नाइक को 221 वोट मिले थे, जबकि संजय को 114 वोट मिले थे।बुधवार को हुई शीर्ष परिषद की बैठक के दौरान, एमसीए ने प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप वेंगसरकर की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया।पूर्व भारतीय कप्तान वेंगसरकर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं और उन्हें इस साल मार्च में एमसीए द्वारा प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया था। एमसीए ने होनहार युवा खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में अकादमियां स्थापित करने का भी निर्णय लिया।हाल ही में, एसोसिएशन ने वानखेड़े परिसर में सुनील गावस्कर की एक प्रतिमा का अनावरण किया।स्टेडियम में पहले से ही दिग्गज सचिन तेंदुलकर की एक प्रतिमा स्थापित है।

# केएल राहुल ने WTC में विराट-रोहित के बड़े रिकॉर्ड की बराबरी की, ऐसा करने वाले सातवें भारतीय बल्लेबाज बने

**नई दिल्ली ।** भारतीय बल्लेबाज़ केएल राहुल के लिए साल 2025 शानदार प्रदर्शन का गवाह बनता जा रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ विदेशी धरती पर दो शतकों की मदद से टीम इंडिया को 2-2 की बराबरी दिलाने के बाद, राहुल ने अब विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) में एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है।

**इंग्लैंड सीरीज में रहा शानदार प्रदर्शन:** केएल राहुल ने इंग्लैंड के खिलाफ चार मैचों की टेस्ट सीरीज़ में 500 से ज़्यादा रन बनाए और भारतीय बल्लेबाज़ी क्रम की रीढ़ बनकर उभरे। उनकी ठोस तकनीक और संयम ने उन्हें टीम का सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी बना दिया है।

**WTC में बनाया बड़ा रिकॉर्ड - 2000 रन पूरे:** वेस्टइंडीज़ के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन, राहुल ने WTC के इतिहास में 2000 रन पूरे करने वाले सातवें भारतीय बल्लेबाज़ बनने की उपलब्धि हासिल की। उन्हें यह रिकॉर्ड बनाने के लिए केवल 16 रनों की आवश्यकता थी, जिसे उन्होंने जेडन सील्स की गेंद पर लगातार दो चौके लगाकर शानदार अंदाज़ में पूरा किया।

**विराट और रोहित के साथ खास सूची में शामिल:** इस उपलब्धि के साथ ही केएल राहुल अब विराट कोहली और रोहित शर्मा की उस खास सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने WTC में सबसे ज़्यादा रन बनाए हैं। वर्तमान में भारत की ओर से सबसे ज़्यादा WTC रन ऋषभ पंत (2731 रन) के नाम हैं, जो फिलहाल पैर की चोट से उबर रहे हैं। पंत ने छह शतक के साथ शीर्ष स्थान पर जगह बनाई है। उनके बाद रोहित शर्मा, शुभमन गिल, विराट कोहली, रवींद्र जडेजा और यशस्वी जायसवाल इस सूची में शामिल हैं।




### WTC इतिहास में भारत के लिए सर्वाधिक रन

- ऋषभ पंत - 38 मैच - 2731 रन
- रोहित शर्मा - 40 मैच - 2716 रन
- शुबमन गिल - 39 मैच - 2697 रन
- विराट कोहली - 46 मैच - 2617 रन
- रवीन्द्र जड़ेजा - 46 मैच - 2505 रन
- यशस्वी जयसवाल - 26 मैच - 2251 रन
- केएल राहुल - 31 मैच - 2003 रन

**जो रूट का रिकॉर्ड अभी भी कायम:** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे ज़्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के जो रूट के नाम दर्ज है। उन्होंने अब तक 69 टेस्ट मैचों में 6080 रन बनाए हैं, जो किसी भी बल्लेबाज के लिए एक कठिन मानक है।

**आगे का लक्ष्य - भारत की टेस्ट विरासत को आगे बढ़ाना:** राहुल के लिए यह उपलब्धि सिर्फ व्यक्तिगत मील का पत्थर नहीं, बल्कि टेस्ट क्रिकेट में उनकी निरंतरता और समर्पण का प्रमाण है। आने वाले मैचों में वह भारत की बल्लेबाज़ी को स्थिरता देने और WTC 2025-27 चक्र में नई ऊँचाइयाँ छूने की कोशिश जारी रखेंगे।

# खेलो क्रिएटर्स लीग की धमाकेदार शुरुआत, सितारों, संगीत और खेल के रंग में रंगा जयपुर




**जयपुर।** जयपुर में खेलो क्रिएटर्स लीग (केसीएल) एक ऐसी लीग का आज आगाज़ हुआ जिसमें कंटेंट क्रिएटर्स सिर्फ कैमरे के सामने नहीं, बल्कि मैदान में अपनी टीम को रिप्रेजेंट कर रहे है। डिजिटल दुनिया के स्टार क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर्स मैदान पर नज़र आये, तो माहौल तालियों और जोश से गूंज उठा। यह लीग 9 से 11 अक्टूबर तक जयपुर के सीतापुरा स्थित ज़ी स्टूडियोज़ में खेली जा रही है। इस अनोखी पहल का मकसद है – डिजिटल दुनिया की रचनात्मकता को खेल की ऊर्जा से जोड़ना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रिंसिपल सेक्रेटरी, यूथ अफेयर्स और स्पोर्ट्स डेवलपमेंट, नीरज के. पवन ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने कहा, यह शानदार पहल है, जो दिखाती है कि आज के डिजिटल क्रिएटर्स कितने ऊर्जावान और बहुमुखी हैं। यह सिर्फ खेल नहीं, एक नई सोच है। उद्घाटन समारोह किसी फिल्मी सीन से कम नहीं था। लाल परी फेम सिंगर सिमर कौर ने जब मंच संभाला, तो हर कोई झूम उठा। उनका लाइव कॉन्सर्ट पूरे माहौल में जोश और मस्ती भर गया, जिसने लीग की शुरुआत को और भी धमाकेदार बना दिया। इस लोग में जोधाना वॉरियर्स (कप्तान विकल्प मेहता), बिकाना बुल्स (पंकज शर्मा), मेवाड़ मैवरिक्स (छोटू सिंह), शेखावटी स्पार्टन्स (राहुल चौधरी), पिंक सिटी पलटन (कुलदीप सिंघानिया) पांच टीमें, मैदान में मुकाबला और मस्ती करती दिखाई देंगी। हर टीम में सोशल मीडिया के जाने-माने चेहरे हैं, जो इस बार अपने फॉलोअर्स के लिए सिर्फ रील्स नहीं, बल्कि रन और विकेट लेकर आए हैं। खेलो क्रिएटर्स लीग के फाउंडर और सीईओ राहुल चौधरी ने कहा कि हम चाहते हैं कि क्रिएटर्स सिर्फ स्क्रीन तक सीमित न रहें, बल्कि खेल के ज़रिए फिटनेस, टीमवर्क और पॉज़िटिव एनर्जी का संदेश दें। अटलैंचर स्पोर्ट्स के सीईओ और फाउंडर शुभम चौधरी ने बताया कि यह लीग सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि एक प्रोफेशनल स्पोर्टिंग एक्सपीरियंस है, जहां हर चीज़ का प्रबंधन बड़े स्तर पर किया गया है।

# यशस्वी जयसवाल ने टेस्ट में ठोका सातवां शतक

## शुभमन गिल और रवि शास्त्री का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा




**नई दिल्ली ।** सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल ने शुक्रवार को दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबले में अपने टेस्ट करियर का सातवां टेस्ट शतक लगाया। इस शतक के साथ उन्होंने शुभमन गिल और रवि शास्त्री का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया है जबकि एलेस्टेयर कुक और जावेद मियांदाद की एलीट लिस्ट में शामिल हो गए हैं।

आज यहां यशस्वी ने खारी पियरे की पहली गेंद पर दो रन लेकर अपना सातवां शतक पूरा किया। उन्होंने 145 गेंदों में 16 चौके लगाते हुए अपना शतक बनाया। जायसवाल का सातवां टेस्ट शतक 24 साल की उम्र से पहले आया, केवल तीन खिलाड़ियों ने इससे अधिक शतक बनाए है।

इस उम्र में ऑस्ट्रेलिया के डॉन ब्रैडमैन ने (12) शतक, सचिन तेंदुलकर ने (11) शतक, और गारफील्ड सोबर्स ने (9) शतक बनाने वालों में है। अब वह जावेद मियांदाद, ग्रीम स्मिथ, एलेस्टियर कुक और केन विलियमसन के साथ सात-सात शतक लगाने वाले क्लब में शामिल हो गए है।

### 23 साल की उम्र में सबसे ज़्यादा टेस्ट शतक

- 12 - डोनाल्ड ब्रैडमैन (ऑस्ट्रेलिया), 26 पारियों में
- 11 - सचिन तेंदुलकर (भारत), 80 पारियों में
- 9 - गैरी सोबर्स (वेस्टइंडीज), 54 पारियों में
- 7 - यशस्वी जायसवाल (भारत), एलेस्टेयर कुक (इंग्लैंड), जावेद मियांदाद (पाकिस्तान), ग्रीम स्मिथ (दक्षिण अफ्रीका), केन विलियमसन (न्यूज़ीलैंड)

23 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज़्यादा शतक

- 22 - सचिन तेंदुलकर (220 पारियां)
- 15 - विराट कोहली (119 पारियां)
- 8 - यशस्वी जायसवाल (71 पारियां)*
- 7 - रवि शास्त्री (110 पारी)
- 7 - शुभमन गिल (73 पारी)